

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 206

ग्वालियर, बुधवार, 15 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### महिला विरोधी सोच के अग्रणी हैं सीएम योगी: प्रियंका गांधी वाड्रा

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी में 'महिला विरोधी अपराधों का हवाला देकर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'महिला विरोधी सोच के अगुवा' हैं। उन्होंने हाथरस में एक साल पहले दलित युवती के साथ हुए कथित दुष्कर्म एवं हत्या के मामले का उल्लेख कर ट्वीट किया,आज से एक साल पहले हाथरस में बलात्कार की भयावह घटना घटी थी और उप्र सरकार ने परिवार को न्याय व सुरक्षा देने की जगह धमकियां दीं थीं और उनसे बेटी के ससम्मान अंतिम संस्कार का हक भी छीन लिया था।''प्रियंका गांधी वाड्रा के मुताबिक, उस वक्त सरकार के अधिकारियों व भाजपा के नेताओं ने बयान देकर बलात्कार न होने जैसी बातें कही थीं व पूरी सरकारी मशीनरी की ऊर्जा पीड़िता का चरित्र हनन करने में खर्च की गई थी। प्रियंका ने राज्य सरकार पर निशाना साधकर सवाल किया, महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर इतना खराब रुख रखने वाली सरकार के मुखिया से आप संवेदनशीलता की आस रख भी कैसे सकते हैं?उन्होंने आरोप लगाया, ''वैसे भी उप्र के मुख्यमंत्री महिला विरोधी सोच के अगुआ हैं। वहां कह चुके हैं कि महिलाओं को स्वतंत्र नहीं होना चाहिए।



### पाकिस्तान की बड़ी साजिश का खुलासा, हथियार सहित 6 आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (ए)।** जांच एजेंसियों ने पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर दिया है। मामले में जांच एजेंसियों ने 2 पाकिस्तानी नागरिकों सहित 6 लोगों को गिरफ़्तार किया है। पकड़े गए पाकिस्तानी भारत में इस आतंकी मॉड्यूल को ऑपरेट कर रहे थे।इसके लिए सभी से लगातार पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी आतंकी मॉड्यूल के लिए काम करने वाले 2 लोगों ने पाकिस्तान में ट्रेनिंग हासिल की थी। आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करने के लिए एजेंसी ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली में छापेमारी की और कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया। एजेंसी का दावा है कि पकड़े गए इन संदिग्ध आतंकियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए है। डीसीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुशवाह ने खुद इसकी पुष्टि की

### बांदा जेल में बंद माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की तबीयत बिगड़ी, मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

**बांदा (ए)।** माफिया डॉन मऊ से बीएसपी विधायक मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में अचानक तबीयत बिगड़ गई।सूचना मिलने पर जेल प्रशासन ने डॉक्टरों की सलाह पर मुख्तार अंसारी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुख्तार का इलाज हो रहा है। बताया जा रहा है कि उसकी हालत गंभीर है। इसके पहले बांदा जेल में बंद अंसारी कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। मुख्तार के एंटीजन कोविड टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। मंगलवार को अचानक मुख्तार की तबीयत बिगड़ने से जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे।मुख्तार की सेहत और इलाज को लेकर अफसर मीटिंग कर रहे हैं।हालांकि, जेल प्रशासन ने इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बाराबंकी में वर्चुअल पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने आरोप लगाकर कहा कि उसकी हत्या के लिए पांच करोड़ की सुपारी दी गई है।मुख्तार के मुताबिक सूचना मिली है कि किसी को मेरी हत्या करने के लिए कहा गया है।साथ ही यह भी कहा गया है कि जो मेरी हत्या कर देगा, उसके घर पांच करोड़ रुपये पहुंच जाएगा।इसके अलावा उसके सारे मुकदमे भी खत्म कर दिए जाएंगे। कोर्ट में वर्चुअल सुनवाई के संबंध में मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन ने ये जानकारी दी है।

### महाराष्ट्रः अमरावती में नाव पलटने से 11 लोगों की मौत

**अमरावती (ए)।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में वर्धा नदी में नाव पलटने से 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद 3 लोगों के शवों को बाहर निकाला गया है, जबकि 8 की तलाश जारी है। अमरावती के गालेगाव इलाके में हुई घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नाव में बैठे लोग घूमने के लिए आए हुए थे और संतुलन बिगड़ने के बाद नाव पलट गई। हालांकि अभी तक किसी की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक देवेंद्र वहां पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इससे पहले पिछले ही हफ्ते असम में भी बड़ा नाव हादसा हुआ था।

## तिरंगा संकल्प यात्रा में बोले मनीष सिसोदिया

# बीजेपी और योगी सरकार ना है आम की न राम की, इन्होंने राम मंदिर के चंदे तक में किया घोटाला

**हमारे दिल में हैं राम और हमारे बगल में है संविधान, अयोध्या में तिरंगा यात्रा का यही है पैगाम। रामराज के उच्च आदर्शों पर यूपी में आम आदमी पार्टी बनाएगी सरकार**





**अयोध्या/नई दिल्ली (ए)।** आम आदमी पार्टी ने मंगलावर को पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्त्व में अयोध्या में तिरंगा संकल्प यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। आम आदमी पार्टी पूरे उत्तरप्रदेश में तिरंगा संकल्प यात्रा का आयोजन करेगी। इस अवसर पर श्री सिसोदिया ने कहा कि कल अयोध्या में राम लला के दर्शन कर हमने अर्जी लगाई है कि आम आदमी पार्टी को उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का अवसर मिले। 'आप' प्रदेश में ऐसी सरकार बनाएगी जो भगवन राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से दिल्ली में उनके आदर्शों के अनुरूप सरकार चल रही है और अरविंद केजरीवाल जी पूरे देश में एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री है जो प्रभु श्रीराम के आदर्शों का पालन कर सरकार चला रहे है। उन्होंने कहा कि हमारे दिल में प्रभु श्री राम हैं और बगल में संविधान है। अयोध्या में तिरंगा यात्रा के साथ हमारा यही पैगाम है कि आम आदमी पार्टी रामराज के उच्च आदर्शों के साथ यूपी में सरकार बनाएगी और बाबा साहेब के सपनों को साकार करेगी।उन्होंने कहा कि यूपी की योगी सरकार न आम लोगों की है और न ही प्रभु श्री राम की है। ना ये आम के हुए ना राम के। उन्होंने कहा कि योगी सरकार गुंडाराज खत्म करने के बजाय प्रदेश में गुंडाराज को बढ़ावा दे रही है। दूसरी ओर किसानों का हाल बदहाल है। अन्नदाताओं को उनका हक़ देने के बजाय उन्हें गुंडा, मवाली और आतंकवादी की संज्ञा दिया जा रहा है। ये बेहद शर्मनाक है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि आजादी के 75वें साल में श्री राम की नगरी अयोध्या में हम तिरंगे की ओर देख कर ऐसी सरकार बनाने का संकल्प ले रहे हैं जो इस तिरंगे के नीचे खड़े हर व्यक्ति को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा मुहैया करवाएं। उन्होंने कहा कि योगी जी ने 4.5 साल पहले उत्तर प्रदेश की जनता से बड़े-बड़े वादे किए कि अगर उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार बनी तो यूपी को गुंडा राज से मुक्ति मिलेगी, भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, युवाओं को नौकरी मिलेगी। योगी जी ने सपना दिखाया कि किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा, ऐसी कानून व्यवस्था स्थापित करेंगे जहाँ माता-बहने सुरक्षित रहेंगी। पर योगी सरकार ने केवल और केवल जनता को धोखा दिया है।

**गुंडाराज ख़त्म करने के बजाय गुंडों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी योगी सरकार:** श्री सिसोदिया ने कहा कि पिछले 4.5 सालों में योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को गुंडाराज से मुक्ति देने के बजाय गुंडाराज को बढ़ावा दिया है। जयप्रकाश पाल की अधिकारियों और पुलिस के सामने सरेआम हत्या कर दी गई। हाथरस में एक बच्ची के साथ दरिंदगी हुई लेकिन योगी सरकार ने बच्ची के परिवार का साथ देने के बजाय दरिंदों के साथ खड़ा रहना ज्यादा बेहतर माना।

## भोपाल और इंदौर में बढ़ेगी एयर कार्गो सुविधाः ज्योतिरादित्य सिंधिया



**भोपाल।** भोपाल और इंदौर के बीच एयर कार्गो सुविधा का विस्तार होगा। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश को नए एयर कार्गो देने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही भविष्य को लेकर और क्या अच्छा किया जा सकता है इस पर भी फैसले लिए जा रहे हैं। अब एयर कार्गो को लेकर निर्णय लिया गया है। इससे भोपाल और इंदौर को फायदा मिलेगा। इंदौर हवाई अड्डे में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई कार्गो दोनों को संभालने की सुविधा है। इस पुनर्निर्मित निर्यात एयर कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन 6 जनवरी 2021 को हुआ था, यह सुविधा 16.644 मैट्रिक टन कि वार्षिक संचालन क्षमता के साथ 1166 वर्गमीटर के क्षेत्र में विकसित की गई है। घरेलू कार्गो के लिए मौजूदा सुविधा, पुराने यात्री टर्मिनल भवन में संचालित की जा रही है। मौजूदा ढांचे को बदलने के लिए सेंटर फॉर पेरिसेबेल कार्गो (सीपीसी) सहित घरेलू एयर कार्गो टर्मिनल के लिए एक नई सुविधा की योजना बनाई जा रही है। इस बैठक में ये नियोजित संरचना 2000 वर्ग मीटरसेंटर फॉर पेरिसेबेल कार्गो (सीपीसी) सहित 73 हजार मेट्रिक टन की वार्षिक हैंडलिंग क्षमता के क्षेत्र में होगी। भोपाल हवाई अड्डे में पुराने यात्री टर्मिनल भवन में घरेलू हवाई कार्गो को संभालने की सुविधा है। ये सुविधा पुराने यात्री टर्मिनल भवन के संशोधन के बाद 14 फरवरी 2020 को चालू की गई थी। ये सुविधा 16.060 मेट्रिक टन की वार्षिक संचालन क्षमता के साथ 440 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाई गई है। ये नियोजित संरचना 29.200 मैट्रिक टन कि वार्षिक संचालन क्षमता के साथ 800 वर्ग मीटर के क्षेत्र में होगी। सुविधा को दिसंबर 2022 तक निर्मित और चालू करने का लक्ष्य है।

## मक्का और चावल से बनेगा इथेनॉल: मप्र सरकार ने खोला पिटारा




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भी अब इथेनॉल बनाया जाएगा। सरकार ने इथेनॉल पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। यहां चावल और मक्का से इथेनॉल बनाने की योजना है। इसमें करीब 100 करोड़ के निवेश की संभावना है। शिवराज सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए इथेनॉल पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। सरकार इथेनॉल उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देगी। अभी तक 20 से ज्यादा कंपनी इथेनॉल उत्पादन में आगे आई हैं। इसमें खास यह होगा कि इथेनॉल उत्पादन में इकाइयां 100 करोड़ रुपए लगाएंगी तो उन्हें 7 साल में लगभग 60 करोड़ रुपए सरकार वापस करेगी।

**चावल और मक्का से इथेनॉल:** प्रदेश में फिलहाल चावल और मक्का से इथेनॉल बनाया जाएगा। इसका उत्पादन होने पर पेट्रोलियम कंपनियां 51 से 54 रुपए प्रति लीटर में खरीदेंगी। साथ ही 1.50 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। राज्य सरकार का 2024 तक प्रदेश में 60 करोड़ लीटर इथेनॉल उत्पादन करने का लक्ष्य है, ताकि पेट्रोल की मौजूदा 230 करोड़ लीटर सालाना खपत में 20 फीसदी इथेनॉल मिलाया जा सके।इसके पीछे सरकार की मंशा पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में होने वाले खर्च को रोकना है। इसके लिए प्रदेश के किसानों से चावल और मक्का खरीदा जाएगा।साथ ही गोदामों में करीब 20 लाख टन चावल रखा है, उसका उपयोग भी किया जा सकेगा।

**सरकार देगी ये सुविधाएं:** इथेनॉल और जैव ईंधन उत्पादन करने वाली कंपनियों को वित्तीय मदद दी जाएगी।पेट्रोलियम तेल उत्पादन कंपनियों को 1.50 रुपये प्रतिलीटर की सहायता 7 साल तक दी जाएगी। प्लांट लगाने के लिए जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस का सौ फीसदी पैसा वापिस कर दिया जाएगा। उत्पादन शुरू होने की तारीख से 5 साल तक बिजली में भी 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पेटेंट शुल्क 5 लाख रुपये तक किया जाएगा। उद्योग के लिए सड़क बनाने पर जो खर्च आएगा उसका भी 50 प्रतिशत सरकार देगी। इस नीति पर अमल के लिए एमपीआईडीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है।


## जब पीएम मोदी दुनिया के मंच पर हिंदी में बोलते हैं तो हमें क्यों है शर्मः अमित शाह



**नई दिल्ली (ए)।** देश में हर साल 14 सितंबर के दिन हिंद दिवस मनाया जाता है। हिंदी दुनिया में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषाओं में शामिल है। हिंदी दिवस के मौके पर आज ज्ञान भवन में हिंदी दिवस समारोह और पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया जिसमें गृहमंत्री अमित शाह ने अध्यक्षता की। इस मौके पर हिंदी के बारे में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर हमारे प्रधानमंत्री इंटरनेशल लेवल पर हिंदी बोल सकते हैं तो हमें किस बात पर शर्म आती है अमित शाह ने कहा, आत्मनिर्भर होना केवल देश में उत्पादन करना नहीं है, हमें भाषाओं के साथ भी आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। अगर पीएम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी बोल सकते हैं, तो हमें किस बात पर शर्म आती है? वे दिन गए जब हिंदी में बात करना चिंता का विषय था। इसके अलावा देशवासियों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए अमित शाह ने ट्वीट किया, ÷हिंदी दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि मूल कार्यों में अपनी मातृभाषा के साथ राजभाषा हिंदी का उत्तरोत्तर प्रयोग करने का संकल्प लें। मातृभाषा व राजभाषा के समन्वय में ही भारत की प्रगति समाहित है। आप सभी को 'हिंदी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक और ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा, भाषा मनोभाव व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना व राष्ट्रीय एकता का मूल आधार होने के साथ-साथ प्राचीन सभ्यता व आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है।







# शिवपुरी की 2 बेटियों ने बढ़ाया जैन समाज का मान, सीए बनने पर बाटी मिठाईयां



शिवपुरी।

चार्टड अकांउटेंट के परीक्षा परिणाम में इस बार शिवपुरी जैन समाज की दो बेटियों ने परचम फहराया है। इनमें से कु.प्रेरणा जैन ने तो पहली बार में ही इस परीक्षा में सफलता अर्जित की। जबकि कु.जया कोचेटा को दूसरे प्रयास में सफलता मिली। परीक्षा परिणाम आने के बाद दोनों बेटियों के घरों में उत्साह का वातावरण है। घरों में और मोहल्ले में मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गईं। कु.प्रेरणा जैन के सीए बनने के उपलक्ष्य में उनके काष्ठ्या परिवार ने दादा गुरूदेव के पूजन का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। इस धार्मिक समारोह में श्वेताम्बर जैन समाज ने दोनों बेटियों का बहुमान किया। उनका सम्मान करने वालों में इंदरमल नबाव सांखला परिवार ने भी अपनी भागिता दर्शाई।

### माँ के प्रोत्साहन से मैं बनी सीए - कु. प्रेरणा

परिक्षा परिणाम के बाद अपनी भावना व्यक्त करते हुए कु. प्रेरणा जैन ने बताया कि उनकी मां श्रीमति सुधा काष्ठ्या ने मुझे सीए बनने के लिए प्रोत्साहित किया। पिता प्रदीप काष्ठ्या ने भी मेरा मनोबल लगातार बढ़ाया।

उनका कहना था कि मेरे दादा स्व.घीसूमल जी काष्ठ्या हमेशा चाहते थे कि परिवार की महिलाएं और बेटियां सार्वजनिक क्षेत्र में आकर नाम कमाएं। प्रदीप काष्ठ्या ने बताया कि उनके पिता के आर्शीवाद से ही उनकी बेटी सीए बनने में सफल रही। शुरू से ही उसकी पढ़ाई में गहन रूचि थी और मुंबई में रहकर उसने सीए की पढ़ाई की थी। दिन में प्रतिदिन वह 8 से 10 घंटे तक नियमित रूप से पढ़ाई करती थी। बेटी के सीए बनने पर वह बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। विदित हो कि कु. प्रेरणा जैन पत्रकार ज्ञानचंद्र जैन और सर्राफा व्यवसायी त्रिलोक काष्ठ्या तथा अशोक काष्ठ्या की भतीजी है।



### पूरे मन से प्रयास किए जाएं तो सफलता अवश्य मिलती है- कु. जया कोचेटा

सीए बनने के बाद कु. जया कोचेटा ने बताया कि हर असफलता हमें कुछ न कुछ अवश्य सिखाती है। पहली बार के प्रयास में जब वह सीए नहीं बन पाई तो मन में निराशा की भावना थी।लेकिन उनके दादा शिखरचंद्र जी कोचेटा और दादी श्रीमति निर्मला कोचेटा ने निरंतर मेरे मनोबल को बढ़ाया और कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है। पूरे मन से समपर्ण के साथ यदि प्रयास किए जाएं तो सफलता अवश्य मिलेगी। इस बीज मंत्र ने मुझे आगे बढने् के लिए प्रोत्साहित किया। मेरे पिता किराना व्यवसायी तरूण कोचेटा और मां संध्या कोचेटा ने मुझसे कहा कि हमारा सिर्फ कर्म पर अधिकार है और जो भी फल मिले उसे स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि यहीं ईश्वर की इच्छा होती है। कु. जया ने बताया कि सीए बनने का उनका उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि समाज की सेवा करना है।

## 17 सिंतबर से फिर शुरू होगा कोरोना से युद्ध,17 सिंतबर को चलाया जाएगा वैक्सीनेशन महाअभियान




शिवपुरी।

जनपद सीईओ पुष्पेंद्र ब्यास की अध्यक्षता में जनपद पंचायत पिछोर अंतर्गत ग्राम पंचायत मनपुरा के सभागार में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन एवं पौधरोपण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पीआई आर.के.टेंगर, एपीओ नन्दकिशोर शर्मा, मनपुरा खो? एवं बदरवास सहित तीन सेक्टरों के पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं उपयंत्री व सरपंच उपस्थित थे। बैठक में सीईओ पुष्पेंद्र व्यास ने कहा कि 17 सितंबर को शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक सेक्टर मुख्यालय पर 71 पौधों को रोपित किया जाएगा या सेक्टर के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक पंचायत में 6-6 पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन महा अभियान चलाकर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जाएगा। सीईओ ने कराधान के संबंध में निर्देश देते हुए बताया कि प्रत्येक पंचायत में शत-प्रतिशत टैक्सेशन किया जाना है जिसमें टैक्स के रूप में स्वच्छताकर, जलकर और संपत्ति कर प्रमुख रूप से लिया जाकर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाना है। इसके अलावा ओडीएफ प्लस की जानकारी देते हुए बताया कि जिन पंचायतों में ग्राम की जनसंख्या 500 से कम है उसे ओडीएफ प्लस में लिया जाएगा। अभी पंचायत माचमोर के ग्राम सुलार तथा पिछोर जनपद के बसई ग्राम को चुना गया था जिस पर कार्य संचालित है।उन्होंने बताया कि जिन परिवारों में शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है उनके नाम जो?कर शौचालय बनवाए जाएंगे। इसके अलावा जिनके पास शौचालय हैं और वह उपयोग नहीं कर रहे हैं उनको उपयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा। कचरा प्रबंधन की व्यवस्था लागू की जाएगी जिससे गांव स्वच्छ एवं सुंदर बन सके। बैठक में सीईओ ने आगे होने वाली बैठक में सचिव जीआरएस की अनुपस्थिति पर वेतन काटने की हिदायत दी।

## जेसी सप्ताह के तहत वीर सावरकर पार्क में लगा निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर



शिवपुरी।

समाजसेवी संस्था जेसीआई शिवपुरी किरण के द्वारा मनाए जा रहे जेसी सप्ताह के तहत मंगलवार को स्थानीय वीर सावरकर पार्क में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए जेसीआई शिवपुरी किरण संस्था अध्यक्ष यशवन्त गुप्ता व सचिव सुश्री सौम्या गुप्ता ने बताया कि जेसी सप्ताह के तहत की जा रही सेवा गतिविधियों में संस्था के द्वारा मंगलवार के वीर सावरकर पार्क में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगााय गया।

यहां इस शिविर में अपनी सेवाऐं देने के लिए डॉक्टर नरेंद्र राजपूत मौजूद रहे जिन्होंने शिविर में आए लोगों को चिकित्सकीय उपचार दिया तो वहीं कोरोना काल के समय, डेंगू के प्रभाव को देखते हुए आमजन को इनसे बचने के तौर-तरीकों को भी बताया साथ ही खासकर वर्तमान समय में बुखार, सर्दी-जुखाम को लेकर भी एहतियात बरतने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में वीर सावरकर पार्क में आए बच्चों एवं बुजुर्ग लोग जो घूमने आते हैं उनका चेकअप किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में संस्था के डायरेक्टर रविंद्र नामदेव, सदस्य अमरीश धाकड़, ईमेल हेमंत यादव, वीरेंद्र वर्मा का सहयोग रहा है एवं हेल्थ चेकअप कैंप के साथ ग्रुप के द्वारा सभी को निश्शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही शिविर में योगदान देने वाले डॉक्टर नरेंद्र राजपूत का फूल माला स स्मृति चिन्ह् देकर श्रीफल देकर एवं शॉल उड़ाकर तिलक कर कर उनका सम्मान किया गया।

## जिले में फैल रहा है जानलेवा डेंगू, 4 संक्रमित मिले- 400 घरों में मिला डेंगू का लार्वा



शिवपुरी।

हड्डी तोड़ पसार के नाम से अधिक जाना जाने वाला डेंगू शिवपुरी में अपने पैर पसारते जा रहा है। मादा एडिज इजिप्टी मच्छरों के काटने से फैले डेंगू के अभी तक शिवपुरी में 4 संक्रमित मरीज मिले हैं तथा 400 से अधिक घरों में डेंगू का लार्वा मिला है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि उसने घरों में मौजूद डेंगू के लार्वे को नष्ट कर दिया है। लेकिन नगर पालिका की निष्क्रियता से गली, मोहल्लों और कॉलोनियों में जमा पानी से इस बीमारी का फैलाव हो रहा है। मलेरिया अधिकारी लालजू शाक्य ने अपील की है कि घरों और कूलरों में भी पानी का जमाव न होने दें। मलेरिया और स्वास्थ्य विभाग ने जिन इलाकों में डेंगू का लार्वा पाया है, उन्हें रेड जोन घोषित कर दिया है। इनमें पुलिस कंट्रोल रूम, हीरो होंडा एजेंसी, पीएस होटल, विवेकानंद रोड, पुराना टोल टैक्स, कृष्णा कॉलोनी, रेंज आफिस, भारतीय विद्यालय, ग्वालियर बाइपास चौराहा आदि शामिल हैं। सर्वे टीम की कमी के कारण अभी भी पूरे शहर में सेम्पल कलेक्शन का काम नहीं हो पाया है। अगर पूरे शहर का सर्वे किया जाए तो यह संख्या और भी बढ़ सकती है। आईटीबीपी कैंपस में भी डेंगू के दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं और एक संदिग्ध मरीज को ग्वालियर रैफर किया गया है।

**ग्रामीण इलाकों में भी बढ़ रहा है डेंगू का खतरा**

शहर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी डेंगू का खतरा बढ़ता हुआ दिख रहा है। बदरवास और खतोरा इलाके में डेंगू के लक्षणों वाले मरीज देखे जा रहे हैं। खतोरा में एक बच्चे के प्लेटलेट्स कम हो गए हैं और जांच में डेंगू के लक्षण पाए जाने पर उसे ग्वालियर रैफर किया गया है।

**अधिकतर दिन में ही काटता है डेंगू का मच्छर**

डेंगू एक तरह का वायरल बुखार है और एडीज इजिप्टी मादा मच्छर के काटने से फैलती है। डॉक्टरों के अनुसार डेंगू का मच्छर ज्यादातर दिन में ही काटता है। चार तरह के डेंगू बुखार में डी-2 स्ट्रेन को अधिक खतरनाक माना जाता है। इस स्ट्रेन से प्रभावित मरीज बहुत तेजी से बीमार होता है और कई बार यह जानलेवा भी साबित होता है। इस बुखार से पीड़ित मरीज का अचानक ब्लड प्रेशर कम हो जाता है और इससे उसकी मौत भी हो सकती है। डेंगू में आमतौर पर फ्लू जैसे लक्षण उभरते हैं। यह लक्षण 2 से 7 दिन तक रह सकते हैं। डेंगू मच्छर के काटने पर 4 से 10 दिन में बीमारी पूरी तरह फैल जाती है। प्रारंभ में सिर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी, हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द और चकते जैसे लक्षण होते हैं। यदि सही ढंग से इलाज न किया जाए तो सामान्य डेंगू गंभीर बन जाता है। ऐसे में तुरंत डॉक्टरी सलाह लेकर इलाज प्रारंभ करना चाहिए।

## राजेन्द्र गुर्जर के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे के.पी सिंह कक्काजू

शिवपुरी।

शिवपुरी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर की माता जी स्वर्गीय राजा बेटी जी का 98 वर्ष की आयु में निधन हों जाने पर आज़ मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पिछोर विधायक के.पी सिंह कक्काजू आज़ उनके निज निवास संजय कालोनी पर पहुंचकर उनकी माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें पुष्प अर्पित किए उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा द्वारा भी श्रृद्धा सुमन अर्पित किए गए इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा, संजय चतुर्वेदी, लल्लू पंडित, छत्रपाल सिंह गुर्जर, धर्मेन्द्र गुर्जर, देवेन्द्र गुर्जर,रोमेश गुर्जर एवं शहर कांग्रेस, सेवादल, पिछड़ा वर्ग, कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं स्थानीय लोग उपस्थित हुए सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## जेसी सप्ताह के तहत वीर सावरकर पार्क में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



शिवपुरी।

समाजसेवी संस्था जेसीआई शिवपुरी किरण के द्वारा मनाए जा रहे जेसी सप्ताह के तहत मंगलवार को स्थानीय वीर सावरकर पार्क में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए जेसीआई शिवपुरी किरण संस्था अध्यक्ष यशवन्त गुप्ता व सचिव सुश्री सौम्या गुप्ता ने बताया कि जेसी सप्ताह के तहत की जा रही सेवा गतिविधियों में संस्था के द्वारा मंगलवार के वीर सावरकर पार्क में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगााय गया। यहां इस शिविर में अपनी सेवाऐं देने के लिए डॉक्टर नरेंद्र राजपूत मौजूद रहे जिन्होंने शिविर में आए लोगों को चिकित्सकीय उपचार दिया तो वहीं कोरोना काल के समय, डेंगू के प्रभाव को देखते हुए आमजन को इनसे बचने के तौर-तरीकों को भी बताया साथ ही खासकर वर्तमान समय में बुखार, सर्दी-जुखाम को लेकर भी एहतियात बरतने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में वीर सावरकर पार्क में आए बच्चों एवं बुजुर्ग लोग जो घूमने आते हैं उनका चेकअप किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में संस्था के डायरेक्टर रविंद्र नामदेव, सदस्य अमरीश धाकड़, ईमेल हेमंत यादव, वीरेंद्र वर्मा का सहयोग रहा है एवं हेल्थ चेकअप कैंप के साथ ग्रुप के द्वारा सभी को निश्शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

## लिफ्ट लेकर बैठे युवकों ने ट्रक ड्रायवर का सिर फोडा और लूट लिया, घायल ड्रायवर ने एक बदमाश को पकड़ा



शिवपुरी।

फोरलेन बाईपास दर्रोनी तिराहे पर एक ट्रक चालक के साथ 2 बदमाशो ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा है कि सवारी बनकर बैठे युवको ने ड्रायवर के साथ मारपीट करते हुए मोबाईल और पर्स लूट लिया और भाग गए। ड्रायवर ने हिम्मत नही हारी और एक आरक्षक की मदद से एक बदमाश को पकड लिया है। ट्रक चालक सुल्तान सिंह सिकरवार उम्र 49 वर्ष पुत्र जनक सिंह सिकरवार निवासी मोदना थाना बागचीनी जिला मुरैना ने बताया कि वह ट्रक क्रमांक आरजे29 जीए4768में महाराष्ट्र के सोलपुर से 10 सितंबर को माल भरकर सोनीपत के लिए निकला। हेल्पर बेटा छोटू भी संग था। 12 सितंबर की सुबह 11 बजे बदरवास के पास स्थित एक ढावे पर चाय पीने रूके तभी वहां 2 युवक आए और बोले कि मेरी गाडी शिवपुरी में खडी हैं। तुम हम दोनो को शिवपुरी तक छोड देना। दोनो युवको को ट्रक में बैठा लिया और शिवपुरी तरफ आने लगे। नए फोनलेन बायपास पर दर्रोनी तिराहे पर पहुंचे तो युवक कहने लगे कि यही उतार दो। जैसे ही ट्रक को रोका तो अचानक एक युवक ने गाडी में रखे गैस चूल्हे से मेरे सिर में मार दिया चूल्हा सिर में पडते हुए चेहरे पर पडा जिससे मेरी नाक में से खुन बहने लगा। इसके बाद दोनो युवक पर मुझ पर झपट पडे और मोबाईल और पर्स दिन लिया और भागने लगे। लूट करके दोनो बदमाश भागने लगे तो ट्रक चालक सुल्तान सिंह ने हिम्मत नही हारी और सिविल ड्रेस में वहां से निकल रहे एक आरक्षक राजकमल से मदद मांगी। स्कूटी पर बैठकर बदमाश का पीछा किया और एक बदमाश को पकड लिया। पकडे गए बदमाश का नाम सनी आदिवासी उम्र 20 साल पुत्र महाराज सिंह आदिवासी निवासी मगरौनी तिराहा और दूसरे बदमाश की पहचान बच्ची आदिवासी 20 साल पुत्र गुटर आदिवासी निवासी घाटीगांव ग्वालियर के रूप में उजागर हुई।



# कोरोना के नाम पर दंदरौआ सहित हनुमान मंदिर में दर्शन करने से रोकना धार्मिक परम्पराओं का अपमान






### क्या धार्मिक कार्यक्रमों से ही बढ़ता है कोरोना, राजनीतिक कार्यक्रम पर रोक क्यो नही

भिण्ड। जिला प्रशासन के द्वारा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम पर जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बुढ़वा मंगल के दिन डॉ. हनुमान के दर्शन करने से रोकने पर कांग्रेस के तेज तर्रार कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि कोरोना वायरस के नाम पर जिले में सैकड़ों वर्ष पुरानी धार्मिक परम्पराओं को रोका जा रहा है वहीं सत्ता पक्ष भाजपा द्वारा सैकड़ो हजारों कार्यकर्ताओ को एकत्रित कर बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा केंद्रीय मंत्री द्वारा 10 हजार से भी अधिक भीड़ में आकर एक सामाजिक सम्मेलन में होने वाली भीड़ से क्या संक्रमण नहीं फैल सकता? उन्होंने सवाल किया, ''भुजरिया सम्मकन में 5 हजार कार्यकर्ताओ की जुटने वाली भीड़ क्या कोरोना 'प्रूफ' थी।'' जिला प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में जिला मुख्यालय पर इस तरह के आयोजन जब उनकी छाती पर आकर किए जा रहे थे तब प्रशासन की मौन स्वीकृति क्यो? अब जब हमारे हिन्दू धर्म के वार्षिक बुढ़वा मंगल पर भक्तों के दर्शन पर रोक लगाकर सरकार और प्रशासन का दोहरा चरित्र सामने क्यो आ रहा है, लगता है हम जैसे हजारों लाखों हिन्दू श्रद्धालुओं और भक्तों को मूर्ख समझा जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. भारद्वाज ने कहा प्रशासन में यदि हिम्मत हैं तो ऐसे आयोजन कर्ताओं और शामिल होने वाले विधायक मंत्रियों पर कार्यकवाही करके दिखाए। अन्यथा कांग्रेस चुप नही बैठेगी। श्री भारद्वाज ने भिण्ड कलेक्टर को अब तक का सबसे कमजोर अधिकारी बताते हुए कहा मेने सत्ता पक्ष के दवाब में निर्णय लेने वाला इतना पंगु अधिकारी कभी नही देखा।

## बुढ़वा मंगल पर हनुमान जी मंदिरों पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाव



भिण्ड। जिले के धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम समेत अन्य प्राचीन हनुमान मंदिरों पर बुढ़वा मंगल पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इन मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु, रामभक्त हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे है। इस दौरान श्रद्धालु दंदरौआ धाम में डॉक्टर हनुमान के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। यहां प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जगह-जगह पुलिस के जवानों को तैनात किए गए है। बुढ़वा मंगल के शुभ अवसर पर मंदिर समिति की ओर से डॉक्टर हनुमान का वेद मंत्रों के साथ विशेष अभिषेक किया जाएगा। गर्भगृह को फूलों से सजाया जाएगा। इसके अलावा भगवान को 56 भोग लगाए गए। अखंड, रामधनु व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यहां दूर-दूर से लोग पैदल चलकर आ रहे है। वे रामभक्त हनुमान से शारीरिक कष्ट को दूर करने की मन्नत मांगते हैं। यहां हनुमानजी के दर्शन करने से रोग-दोष दूर हो जाते हैं। बुढ़वा मंगल पर डॉक्टर हनुमान जी के दर्शनों के लिए उत्तर प्रदेश के जालौन, इटावा, औरैया, झांसी, कानपुर, राजस्थान के धौलपुर, करौली के अलावा दिल्ली से भी दर्शनार्थी आते है। वहीं भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी और गुना समेत दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आ रहे है। यहां आस पास क्षेत्र के श्रद्धालु, श्री हनुमान जी के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा करके पहुंच रहे है। महिला, बुजुर्ग व बच्चे दंडवत परिक्रमा करके आ रहे है। एक अनुमान के मुताबिक 11 लाख से अधिक श्रद्धालु यहां आकर डॉक्टर हनुमान के दर्शन करेंगे । जिला प्रशासन ने भी भारी भीड़ के आगमन की संभावना को देखते हुए मेले की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरूस्त की गई है। मंदिर परिसर पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।

**कलेक्टर ने धारा-144 के तहत भारी वाहनों पर लगाई रोक**

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन व्यवस्था को लेकर तैयारियां की गईं। उन्होंने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 14 सितंबर मंगलवार को रात्रि 11.59 बजे तक जिला भिंड अन्तर्गत ग्वालियर, इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दंदरौआ धाम की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी एवं बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही तथा मुख्य मार्ग की सड़क के मध्य से दोनों ओर 50-50 मीटर की सीमा तक अनावश्यक पार्किंग पर रोक लगाई है। कोई भी व्यक्ति जिला भिंड अन्तर्गत ग्वालियर, इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दंदरौआ धाम की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी / बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही करके और न ही प्रमुख मार्गों में भारी / बड़े वाहनों (रेत गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग करके आवागमन को अवरुद्ध करेगा और न ही प्रयास करेगा अथवा प्रेरित करेगा। यह आदेश पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते दिया गया है।

**कांक्षी हनुमान और रावतपुरा मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु**

बुढ़वा मंगल पर जिले के कांक्षी हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यहां दर्शन करने के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। इसी तरह से रावतपुरा पर बुढ़वा मंगल पर विशेष श्रृंगार व धार्मिक आयोजन किए गए। बुढ़वा मंगल पर्व पर हनुमान मंदिरों पर अखंड रामधुन, रामचरित मासन का अखंड पाठ व सुंदरकांड पाठ एवं अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। कन्याभोज एवं भंडारे कराए गए।

## कलेक्टर ने एमजेएस महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक लेकर की समीक्षा



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने एमजेएस महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक लेकर विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने समीक्षा के दौरान महाविद्यालय के रेनोवेशन के संवंध में प्राचार्य से जानकारी प्राप्त कर संबंधित रेनोवेशन एजेन्सी को कार्य शीघ्र प्रारंभ करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन परिसर के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर संवंधित एजेन्सी को कार्य शीघ्र पूर्ण कर बिल्डिंग हैंडओवर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि कल से महाविद्यालय प्रारंभ हो रहा है जहाँ कोविड संबंधी सारे नियमो का पालन किया जाए।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार ने कहा कि जिले में शिक्षा की बेहतरी के लिए विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा मिल सके, इसी लक्ष्य को लेकर हम सब कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों की काउन्सलिंग की जाये उन्हें भविष्य के लिए बेहतर रास्ते चुनने में मदद हो इस ओर कार्य करें। महाविद्यालय में और भी ऐक्टिविटी प्रारंभ की जायें जिससे विद्यार्थी विभिन्न विधाओं में भी आगे बड़े। कलेक्टर ने उपस्थिति के संवंध में सभी को निर्देशित किया कि सभी शिक्षक नियमित महाविद्यालय में आयें, उपस्थिति के संबंध में यदि शिकायत प्राप्त होती है तो कार्यवाही की जाएगी।

## गोहद विद्युत दर वृद्धि के खिलाफ अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने कार्यपालन यंत्री के नाम जेई को दिया ज्ञापन



गोहद। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घरेलू विद्युत दरों में की गई मूल्य वृद्धि के विरोध स्वरूप अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गोहद ने अपने बैनर तले विद्युत वितरण कंपनी गोहद कार्यालय पहुंच कर कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनी के नाम गोहद जेइ गौरव शाक्य को ज्ञापन भेंट किया। ज्ञापन देते समय अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं कंपनी कार्यालय में उपस्थित रहीं। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं दोपहर 2:00 बजे गोहद विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के पास एकत्रित हुई और झंडे बैनर लेकर मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गोहद विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पहुंच गई और कार्यालय में मौजूद कार्यपालन यंत्री की अनुपस्थिति में गोहद जेइ गौरव शाक्य को ज्ञापन भेंट किया ज्ञापन में जनवादी महिला समिति ने उल्लेख किया है की उपभोक्ताओं के पास अनाप-शनाप विद्युत बिल जारी किए जा रहे हैं जिन्हें भर पाना उपभोक्ताओं के लिए मुश्किल काम है बिजली की जो वर्तमान दरें लागू की जा रही हैं उनमें भारी मूल्य वृद्धि की गई है इस कारण उपभोक्ताओं में मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। इसी कड़ी में जनवादी महिला समिति ने आज मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे कार्यपालन यंत्री के नाम विद्युत दर मूल्य वृद्धि वापस लिए जाने कि 1 सूत्री मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा जिसमें महिला समिति ने चेतावनी दी है की अगर सात दिवस में विद्युत दर मूल्यवृद्धि को वापस नहीं लिया गया तो जनवादी महिला समिति द्वारा विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी ज्ञापन देते समय जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष एवं महिला समिति नेता गुड्डी बाई माहौर के अलावा कैलाशी बाई माझी रमका कुशवाह वैजयंती बाई पार्वती बाई सरोज श्रीवास नीरज देवी गुर्जर, लक्ष्मी प्रजापति, त्रिवेणी प्रजापति, गंगा देवी, सुनीता कुशवाहा, रामश्री बाई देबी जाटव, राजो प्रजापति सहित दो दर्जन महिलाएं इस दौरान उपस्थित रहीं।

## जिले के सभी नागरिको से टीकाकरण कराने हेतु कलेक्टर ने की अपील

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले में कोविड टीकाकरण के प्रथम टीके से शेष सभी व्यक्तियों को टीकाकरण कराने एवं दूसरे टीके हेतु ड्यू व्यक्ति को अपना दूसरा टीकाकरण नजदीकी केंद्रो पर आवश्यक रूप से कराने अपील की है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी धात्री एवं गर्भवती माताओं एवं बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों से भी कोविड टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराने अपील की है। उन्होंने कहां कि सितंबर अंत तक जिले के शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम टीकाकरण करने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि 17 सितंबर को जिले में टीकाकरण महाअभियान का आयोजन वृहद स्तर पर होगा जिसमें पात्र शेष बचे व्यक्तियों को प्रथम डोज एवं दूसरे टीके हेतु ड्यू व्यक्तियों को दूसरा डोज लगाया जायेगा।

## आज लगेगा फूफ कलां में मीटरयुक्त नल कनेक्शन हेतु विशेष शिविर

भिण्ड । मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवपलमेंट बैंक के सहयोग से भिण्ड जिले के फूफ कलां में जल प्रदाय योजना का कार्य पूरा होने को है। फूफकलां के रहवासियों को मीटरयुक्त कनेक्षन देने के लिए परियोजना क्रियांवन इकाई चंबल और नगर परिषद् फूफ कलां के द्वारा 15 सितम्बर को सुबह 10 बजे से विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

कंपनी के प्रबंध संचालक निकुंज श्रीवास्तव ने फूफ कलां के रहवासियों से अपील की है कि वे मीटरयुक्त नल कनेक्शन अवश्य ले। प्रबंध संचालक ने नागरिकों को उदाहरण देते हुए आश्वस्त किया कि जिस तरह बिजली जितनी उपयोग कि जाती है उतना ही बिजली का बिल आता है उसी तरह मीटर युक्त कनेक्शन होने से पानी का बिल भी उतना ही आयेगा जितना पानी उपयोग किया गया है अतः अधिक बिलिंग को लेकर डरने की आवश्यकता नहीं है। मीटर होने से उचित दरों पर स्वच्छ और शोधित जल मिल सकेगा जो स्वास्थ्य के लिए उपयोगी रहेगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जल प्रदाय योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कम्पनी प्रतिबद्ध है लेकिन आम नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा है अतः रहवासी मीटरयुक्त कनेक्शन अवश्य ले। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कंपनी मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक ने मीटर युक्त कनेक्शन लेने के लिए नागरिको को प्रेरित करने आवश्यकता पर बल दिया गया है।

## नाबालिग बेटी की शादी करने कराने के बाद दामाद पर लगाया भगा ले जाने का इल्जाम

•/Ł •/ Ł
•/UŒ ...........



भिण्ड। एक महिला ने लालच में अपनी नाबालिग बेटी की जिंदगी बर्बाद कर दी। मामला रावतपुरा थाना क्षेत्र के नरौल गांव का है। यहां रहने वाली लक्ष्मी बरार ने पहले अपनी नाबालिग बेटी की शादी करा दी। फिर खुद ही दामाद के खिलाफ उसे भगा ले जाने का केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने जब दामाद और बेटी को गिरफ्तार किया तो बेटी ने बताया कि उसकी मां 50 हजार रुपए के लिए उसकी दूसरी शादी कराना चाहती है, जबकि पहली शादी भी उसने ही कराई थी। पुलिस ने नाबालिग के बयान के आधार पर उसकी मां और पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

रावतपुरा थाना प्रभारी कांति राजपूत के मुताबिक लक्ष्मी बरार ने बीते दिनों शिकायत दी थी। उसने बताया था कि उसकी 15 साल की बेटी को कैथा गांव का रहने वाला रामू शर्मा भगा ले गया। इसके बाद पुलिस ने सोमवार को चौरई के पास से युवक और लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस ने जब नाबालिग से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी मां ने ही जन्माष्टमी से पहले उसकी शादी रामू (20) से कराई है। इस शादी का पूरा खर्च भी रामू ने उठाया। अब वह बेटी पर दूसरी जगह शादी करने का दबाव डाल रही है। इसके लिए उसने 50 हजार रुपए लिए हैं। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह अब दूसरी शादी नहीं करना चाहती है। इस बात पर पुलिस ने लड़की की मां लक्ष्मी को पकड़ा और आस-पास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने जब पड़ताल की तो कागजी दस्तोवजों में किशोरी की उम्र साढ़े 13 साल है। इसके बाद पुलिस ने शादी के दौरान के फोटो बरामद कर लिए। पुलिस ने इस मामले में महिला को बाल विवाह अधिनियम के तहत आरोपी बनाया है। वहीं, रामू शर्मा को पुलिस ने दोषी मानते हुए दुष्कर्म, एससी-एसटी और पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर लिया। इसके अलावा पुलिस अब 50 हजार रुपए में दूसरी शादी कराने वाले एंगल से भी जांच कर रही है।

### पूरा मामला पति से छिपाया, कहा- घर से भाग गई है


पुलिस के मुताबिक इस पूरे मामले की जानकारी महिला ने परिवार और पति को नहीं दी। महिला लहार में बस स्टैंड के पास बायपास रोड पर किराए के मकान में रहती है। उसकी दो बेटी और दो बेटे हैं।

## हैलोजन से बिजली के पोल में दौड़ा करंट चपेट में आने से युवक की मौत

**-गणेश पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचा था युवक तभी लगा उसे करंट, परिजनों ने लगाया सड़क पर जाम**

भिण्ड। मालनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम माहो गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। यह युवक गणेश पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बारिश की बूंदाबांदी और तेज हवा के चलते मंदिर पर लगे पोल में हैलोजन से करंट दौड गया। युवक ने जैसे ही पोल को पकडा वैसे ही करंट लगा और उसकी मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित क्षेत्रीय लोगों ने सडक पर आकर जाम लगा दिया। जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया, जिसके बाद जाम खोलने के लिए राजी हुए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम मौ निवासी कमल किशोर पुत्र स्व.शुगर सिंह कुशवाह उम्र 28 वर्ष ग्राम माहो पहुंचे। यहां गणेश मंदिर पर पूजन कार्यक्रम चल रहा था। तभी बारिश शुरू हुई बारिश थमते ही बूंदाबांदी होने लगी और तेज हवा चलने लगी। मालनपुर थाना प्रभारी विनोद कुशवाह के मुताबिक इसी दौरान युवक द्वारा इसी दौरान युवक लोह के पोल के संपर्क में आ गया और उसके करंट लग गया।

# ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की इस तरह करें देखभाल, हमेशा रहेगी नई जैसी



आजकल ऑक्सीडाइज ज्वेलरी काफी ट्रेंड में है। यह ज्वेलरी कई अलग डिजाइन में महिलाओं की खूबसूरती पर चार चांद लगाती है और इसकी कीमत भी कम होती है। शायद इसलिए इसका चलन सोने, चांदी या डायमंड से भी ज्यादा बढ़ गया है। हालांकि ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की चमक को बरकरार रखने के लिए इसकी ठीक से देखभाल करना जरूरी है। आइए ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की देखभाल करने का तरीका जानते हैं ताकि ये हमेशा नई जैसी बनी रहे।

### परफ्यूम या ब्यूटी प्रोडक्ट्स से बचाएं

अगर महिलाएं कभी भी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी पहनती हैं तो उन्हें इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि यह किसी तरह के परफ्यूम या फिर अन्य ब्यूटी प्रोडक्ट्स के संपर्क में न आएं। दरअसल, इन चीजों के संपर्क में आने से ज्वेलरी के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए जब भी महिलाएं ब्यूटी प्रोडक्ट्स और परफ्यूम लगाएं तो इनके अच्छी तरह से सूखने के बाद ही ऑक्सीडाइज ज्वेलरी पहनें।

### ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को ऐसे करें साफ

अगर कभी भी महिलाओं को अपनी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी गंदी लगती है तो इस पर टूथपेस्ट पाउडर लगाएं और फिर किसी साफ मुलायम कपड़े से पोंछकर इसे साफ करें। वहीं अगर ऑक्सीडाइज ज्वेलरी से धब्बे या कालापन हटाना है तो इस पर अच्छे से बेकिंग सोडा छिड़कर आधे घंटे के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। फिर इसे गर्म पानी से धोकर तुरंत ही टिश्यू पेपर से पोंछकर सुखाएं। इसके बाद इसे स्टोर करें।

### नमी से रखें दूर

ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को कभी भी नमी वाली जगह पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि इस वजह से ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इसलिए जब भी महिलाएं अपनी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को स्टोर करें तो इसे बिल्कुल भी हवा और नमी के संपर्क में न रखें। बेहतर होगा कि महिलाएं ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को जिप लॉक प्लास्टिक पाउच में रखकर किसी एयर टाइट बॉक्स में रखें। इससे ज्वेलरी के टूटने का खतरा कम होगा और इसकी चमक भी हमेशा नई जैसी बरकरार रहेगी।

## विस्फोट से बॉलीवुड में वापसी करेंगे फरदीन खान



फरदीन खान को बॉलीवुड में किसी परिचय की जरूरत नहीं है। उन्होंने कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। फरदीन को लंबे समय से बॉलीवुड के पर्दे पर नहीं देखा गया है। उन्हें आखिरी बार 2010 में रिलीज हुई फिल्म दूल्हा मिल गया में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह संजय गुप्ता की फिल्म विस्फोट से बॉलीवुड में अपनी वापसी करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर संजय की अगली फिल्म विस्फोट से बॉलीवुड की फिल्मों में फरदीन वापसी करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि फरदीन ने यह फिल्म साइन कर ली है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में मशहूर अभिनेता रितेश देशमुख भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने वाले हैं। फिल्म का शीर्षक विस्फोट रखा गया है, जिसमें फरदीन टैक्सी ड्राइवर और एक पूर्व ड्रग डीलर की भूमिका में नजर आएंगे।

रितेश फिल्म में एक कमर्शियल एयरलाइन पायलट की भूमिका को अदा करते हुए दिखेंगे। कहा जा रहा है कि यह फिल्म फरदीन के कैरेक्टर के इर्दगिर्द घूमती है, जो गलती से रितेश के बेटे का अपहरण कर लेता है। विस्फोट एक अकेडेमी अवॉर्ड नॉमिनेटेड विदेशी भाषा की फिल्म की हिन्दी रीमेक होगी। संजय पिछले तीन साल से इस फिल्म को बनाने की योजना बना रहे हैं। फिल्म का निर्देशन समित कक्कड़ करेंगे।

समित ने इससे पहले हाफ टिकट और एमएक्स प्लेयर के शो इंदौरी इश्क का निर्देशन किया है। अब्बास दलाल और हुसैन दलाल ने विस्फोट का लेखन किया है। निर्माता अगले साल की शुरुआत में फिल्म का प्रोडक्शन शुरू कर सकते हैं। संजय के बैनर व्हाइट फीचर फिल्म्स के साथ एक स्टूडियो के आने के बाद फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना पर काम शुरू होगा। फरदीन के नो एंट्री के सीक्वल में भी दिखने की खबरें सामने आई थीं।

दिवंगत अभिनेता फिरोज खान के बेटे फरदीन के करियर की बात करें तो उन्होंने 1998 में फिल्म प्रेम अगन से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 2000 में रिलीज हुई फिल्म जंगल में दिखे थे। यहीं से

# राशि खन्ना की लगी लॉटरी, सुपरस्टार धनुष के साथ मिली बड़ी फिल्म, जल्द शुरू होगी शूटिंग



पिछले दिनों अपने हॉट फोटोग्राफ्स से इंस्टाग्राम पर तहलका मचा चुकीं एक्ट्रेस राशि खन्ना की अब इंडस्ट्री में एक तरह से लॉटरी लग गई है. वो अजय देवगन के साथ रूद्र की शूटिंग कर रही हैं. जिसके बाद वो साउथ के बड़े सुपरस्टार धनुष के साथ अपनी अगली फिल्म शुरू करने वाली हैं. इस फिल्म का नाम फिलहाल मेकर्स से तय नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि धनुष की ये फिल्म मिथिरन जवाहर डायरेक्ट करने वाले हैं जिनका साउथ की फिल्म इंडस्ट्री में बहुत बड़ा नाम है. राशि ने भी साउथ की कई फिल्मों में काम किया है और वो यहां की बड़ी हीरोइन्स में से एक बन चुकी हैं. राशि के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स हैं और वो इन सभी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही हैं. अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों काम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए चेन्नई, मुंबई, और हैदराबाद के चक्कर लगा रही हैं. हालांकि राशि की झोली में इस समय बड़ी फिल्में और डिजिटल प्रोजेक्ट्स हैं. उन्होंने राजेश मापुस्कर की फिल्म रुद्र के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है, इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और अतुल कुलकर्णी नजर आयेंगे. इसके बाद वह धनुष अभिनीत सन पिक्चर्स प्रोडक्शन फिल्म की शूटिंग के लिए चेन्नई जाएंगी. राशि जल्द ही फिल्म तुगलक दरबार, अरनमनई 3 और भ्रमम के प्रमोशन शुरू करेंगी. वो फिलहाल मुंबई में राजेश मापुस्कर के निर्देशन में बन रही फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रही हैं जो ब्रिटिश शो लूथर का भारतीय रूपांतरण है. इसके बाद वे धनुष के साथ अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी. मिथरन जवाहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में म्यूजिक मेस्ट्रो अनिरुद्ध का संगीत है, जिन्होंने धनुष के साथ मिलकर ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं. राशी कहती हैं मैं अपने करियर में आज जहां हूं वहां पहुंचने के लिए मैंने बहुत मेहनत की है।

# अब एमेजॉन प्राइम पर जलवा दिखाएगी अक्षय कुमार की 'बेल बॉटम'

एमेजॉन प्राइम वीडियो ने यह घोषणा की है कि वह अक्षय कुमार स्टारर जासूसी थ्रिलर फिल्म 'बेल बॉटम' के प्रीमियर की विशेष रूप से स्ट्रीमिंग करेगा. भारत और 240 से भी ज्यादा देशों और क्षेत्रों में मौजूद प्राइम सदस्य इस फिल्म को एमेजॉन प्राइम वीडियो पर 16 सितंबर, 2021 से स्ट्रीम कर सकते हैं. रंजीत एम तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा वाणी कपूर, हुमा कुरैशी, लारा दत्ता, आदिल हुसैन और अनिरुद्ध दवे सहित सितारों की एक रोमांचक लाइन-अप मौजूद है. बेल बॉटम का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख, मोनीषा आडवाणी, मधु भोजवानी एवं निखिल आडवाणी ने अपने-अपने बैनर पूजा इंटरटेनमेंट और एम्मे इंटरटेनमेंट के तहत किया है. एक्शन से भरपूर यह थ्रिलर दम साधने वाला रोमांच ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पेश करने जा रही है. 80 के दशक में घटित प्लेन हाईजैकिंग की असली घटनाओं से प्रेरित यह कहानी 'बेल बॉटम कोड' नेम वाले अज्ञात हीरो के बेमिसाल पराक्रम को दर्शाती है.

अक्षय कुमार 210 बंधकों को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने के गुप्त मिशन पर निकले एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाते हुए इस फिल्म में दिखाई दिए थे. यह फिल्म पिछले महीने यानी 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. इस फिल्म को थिएटर्स में दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पांस मिला. लगभग एक महीना बीतने पर इस फिल्म को उन दर्शकों के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया जाएगा, जो इसे सिनेमाघर में देखने के लिए नहीं गए. साथ ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए विशेष रूप से इसे स्ट्रीम किया जाएगा.




एमेजॉन प्राइम वीडियो (इंडिया) के डायरेक्टर और हेड (कंटेंट) श्री विजय सुब्रमण्यम ने कहा, हमारे दर्शकों को एक्शन और थ्रिलर कहानियां बहुत पसंद आती हैं. उनके सामने बेल बॉटम को पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है. इस फिल्म को हमारे दर्शकों ने खूब पसंद किया है और हम इसकी कहानी को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं. दिलचस्प स्क्रिप्ट और शानदार अभिनय से सजी यह फिल्म हमारी कंटेंट लाइब्रेरी का नगीना है.

फिल्म के निर्देशक रंजीत एम तिवारी का कहना है, मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि एमेजॉन प्राइम वीडियो के माध्यम से मेरी फिल्म ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंच रही है. यह सूने में बुझ जाने वाले असली नायक की कहानी है, जिसे हरेक व्यक्ति को बताना मैंने उचित समझा. फिल्म में एक दिलचस्प प्लॉट का उपयुक्त मिश्रण मौजूद है. अभिनेताओं ने अपने-अपने किरदारों में अपना सब कुछ झोंक दिया है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगा.

**एमेजॉन पर फिल्म रिलीज करने से बेहतर और क्या हो सकता है:** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म की स्ट्रीमिंग को लेकर अक्षय कुमार बोले, सिनेमाघर खुल जाने के बाद इस कहानी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का वक्त आ गया है और इसके लिए एमेजॉन प्राइम वीडियो पर बेल बॉटम को रिलीज करने से बेहतर तरीका क्या हो सकता है. मुझे उम्मीद है कि एमेजॉन प्राइम वीडियो 240 से भी ज्यादा अन्य देशों और क्षेत्रों तक अपनी पहुंच के दम पर एक अनसंग हीरो की इस दास्तान को दूर-दूर के दर्शकों तक पहुंचाएगा. बात को आगे बढ़ाते हुए प्रोड्यूसर जैकी भगनानी ने कहा, रंजीत एम तिवारी और पूरी कास्ट व क्रू ने एक संपूर्ण ब्लॉकबस्टर बनाने के लिए मनोरंजन का स्तर उठाते हुए बेल बॉटम पर कड़ी मेहनत की है।

# विक्रम गोखले के साथ काम करना स्कूल जाने जैसा : रूपाली सूरी



युवा अभिनेत्री रूपाली सूरी ने हाल ही में दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले के साथ एक लघु फिल्म की शूटिंग पूरी की है। अभिनेत्री ने कहा कि शुरू में दबाव था, लेकिन आखिरकार उन्होंने दिग्गज अभिनेता से बहुत कुछ सीखा। रूपाली ने कहा, उनके (गोखले) के साथ काम करना अपने आप में एक दबाव है। जब वह बोलते हैं, तो आप जानते हैं कि वह किस तरह का ध्यान आकर्षित करते हैं, क्योंकि लोग उन्हें सुनते हैं। सबसे ऊपर, विक्रम सर बहुत सीधे-सादे हैं और अक्सर कहते हैं कि वह मुझसे भी बहुत कुछ सीखा है! यह एक स्कूल की तरह था। मैंने अभिनय और फिल्म निर्माण के दिग्गजों के सामने खुद को आत्मसमर्पण कर दिया। लघु फिल्म को पंक्तियों के बीच दर्शकों के लिए एक संदेश के साथ एक मजाकिया बताया गया है। गोखले ने कहा, हर फिल्म, लघु या फीचर, में हमेशा एक संदेश होना चाहिए। संजय रावल द्वारा निर्देशित, लघु फिल्म में सिनेमैटोग्राफर के रूप में भावेश रावल हैं। जैसा कि फिल्म दोस्ती के बारे में है, रूपाली ने कहा, एक छोटे बच्चे से लेकर एक वरिष्ठ नागरिक तक, कोई भी तब तक दोस्त हो सकता है जब तक संबंध है। यह एक जैविक संबंध है। शीर्षकहीन फिल्म वर्तमान में पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है।

# दोबारा गर्म करके चाय क्यों नहीं पीना चाहिए?



हम में से ज्यादार लोग चाय के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं. इसका लाजवाब स्वाद हम में से ज्यादातर लोगों को पसंद होता है. चाय एक इंसान को दूसरे से जोड़ने का काम करता है. चाय में कई तरह के प्राकृतत्व होते हैं जिसे पीने का बाद हम तरोताजा महसूस करते हैं. ये हमारी एनर्जी को बढ़ाने का कम करते हैं. अक्सर ऑफिस में काम की थकान को दूर करने के लिए चाय पीते हैं. हालांकिस कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा चाय पीने की आदत होती है.

ऐसे में कई बार हम लोग चाय बनाने में आलस करते हैं जिसकी वजह से एक बार में अधिका मात्रा मे चाय बनाकर रख लेते हैं और उसे समय- समय पर गर्म करके पीते रहते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बार- बार चाय को गर्म करके पीना सेहत को काफी नुकसान पहुंचता है. आइए जानते हैं चाय को बार- बार गर्म करके क्यों नहीं पीना चाहिए.

### स्वाद और स्मेल खराब होता है

बार- बार चाय को गर्म करने से उसका स्वाद और खूशबू उड़ जाती है. ये दोनों चीजें चाय की खासियल होती है. इसके अलावा बार- बार चाय गर्म करने से इसके पौषक तत्व भी कम हो जाते है.

### बैक्टीरियल ग्रोथ बढ़ जाता है

ज्यादा देर बाद बनी हुए चाय को दोबारा पीना सेहत के लिए हानिकारक होता है. क्योंकि चाय में माइक्रोबियल बनने लगते हैं. ये माइल्ड बैक्टीरिया सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ज्यादातर घरों में दूध वाली चाय बनती हैं जिसमें दूध की मात्रा अधिक होती है. इस वजह से माइक्रोबियल खतरा बढ़ जाता है. वहीं, हर्बल चाय को बार- बार गर्म करने से उसके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं.

### सेहत के लिए हानिकारक

चाय को बार- बार गर्म करके पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है. क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं. अगर आप अपनी इस आदत को नहीं बदलते हैं तो लंबे समय बाद पेट खराब होने पेट दर्द. इंफ्लामेशन आदि बीमारियां हो सकती हैं। ये आदत आपके सेहत के लिए नुकसानदायक होता है.

### चाय से जुड़ी ये बातें जान लें

1. चाय बनने के 15 मिनट बाद उसे गर्म करते हैं तो उससे आपको कोई नुकसान नहीं होता है.
2. लंबे समय बाद चाय को गर्म करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है.
3. हमेशा उतनी ही चाय बनानी चाहिए जितना आप उस समय में खत्म कर लें ताकि बाद के लिए चाय बचनी ही नहीं चाहिए.

## 'अन्नात्थे' में रजनीकांत का फर्स्ट लुक आउट, सेलिब्रेशन मूड में नजर आ रहे सुपरस्टार



सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब उनकी अगली फिल्म 'अन्नात्थे' में उनका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। मेकर्स ने शुक्रवार यानी 10 सितंबर को रजनीकांत का पहला लुक दिखाया है। मेकर्स ने फिल्म 'अन्नात्थे' का जो फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। इसमें आप देख सकते हैं कि रजनीकांत क्रीम कलर की वेशती और शर्ट पहने हुए हैं। इसके साथ ही वह चश्मा लगाकर ऊपर की तरफ देखते हुए नजर आ रहे हैं। रजनीकांत का अंदाज देखकर लग रहा है कि वह सेलिब्रेशन मूड में हैं। पोस्टर में एक मंदिर उत्सव बैकग्राउंड दिख रहा है। फैंस उनके लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। मेकर्स ने एक दिन पहले यानी गुरुवार को ही फैंस को बता दिया था कि फिल्म 'अन्नात्थे' में रजनीकांत का फर्स्ट लुक पोस्ट रिलीज किया जाएगा। फिल्म में रजनीकांत के अलावा नयनतारा, प्रकाश राज, कीर्ति सुरेश, सतीश खुशबू, मीना, सूरी और रोबो शंकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म 'अन्नात्थे' में सिरुथाई शिवा और रजनीकांत पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। कास्ट और क्रू ने इस महीन की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली थी।

## वन-टू-वन

### हिंदी दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने शुभकामनाएं दीं



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भोपाल/छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं छिंदवाड़ा के सांसद नकुलनाथ ने सभी देशवासियों को हिन्दी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है इसका हमेशा सम्मान करना चाहिए।यह हमें प्रेम, सद्भाव, विचारो और एकजुटता की भाषा, हमारे देश की विशिष्ट पहचान, अनेकता को एकता में करने की सूत्रधार है।

### डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय ग्वालियर में विवेकानंद कॅरियर प्रकोष्ठ द्वारा निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न।



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर-**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर आयोजित हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । संस्था स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का विषय आत्म निर्भर मध्यप्रदेश में हिंदी की भूमिका पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की निभाई। विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. विजय कुमार गंभीर ने शासन की योजना के अनुरूप जिला, संभाग व राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की विस्तार से जानकारी दी व विद्यार्थियों को प्रोत्साहन व उत्साह वर्द्धन भी किया। जिसमे से तीन विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की जिसमें से प्रतियोगिता में निम्न प्रतिभागी विजयी हुये प्रथम स्थान पर कृष्णा प्रजापति (बी.ए तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान गुरप्रीत कौर (एम.ए प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान स्वयं सोनकर (बी.कॉम द्वितीय) रहे।

### प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों को मिले दक्षता प्रमाण पत्र



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों को दक्षता प्रमाण पत्र का वितरण कॉमन सर्विस सेंटर कलपाथरी में किया गया। सेंटर के संचालक आशीष येड़े ने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को जॉब फील्ड सर्वे एनुमारेटर का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने कहा कि उक्त प्रशिक्षण लेने के बाद विद्यार्थी बेहतर रोजगार के अवसर पाएंगे व स्वरोजगार व रोजगार की ओर बढ़कर आत्मनिर्भर बनेंगे। समापन अवसर पर प्रमाण पत्र के अलावा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विजय खेरे, पंचायत सचिव बसंत येड़े व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने बुढ़वा मंगल पर दंदरौआधाम में दीं अपनी वोलेंटरी सेवाएं

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिंड(ब्यूरो)।** बुढ़वा मंगल के अवसर पर दंदरौआधाम के विशाल मेले में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1,भिंड एवम जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में स्वयं सेवकों ने सुबह 6 बजे से सायं 5 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान की। इस दौरान प्रवेश द्वार, निर्गम द्वार, महाराज जी के पास तथा गर्भ गृह में दर्शनार्थियों की व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।भक्तों की लाईन बनवाने, उन्हें मास्क के लिए प्रेरित करना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाना तथा टीकाकरण की जानकारी लेकर उनका वैक्सिनेशन में सहयोग किया। अंत में श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज जी द्वारा सभी वालंटियर्स को महाराज ने आशीर्वाद प्रदान कर स्वयंसेवकों के सेवा भाव कार्य की सराहना की।



# दंदरौआ धाम में डॉक्टर हनुमान के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालू।

**हनुमान जी के दर्शन मात्र से रोग-दोष से मिलती है निजात।**

**बुढ़वा मंगल पर हनुमान मंदिर पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान, मंदिर पर लगा श्रद्धा का मेला,**

**दूर-दूर से पैदल चलकर आ रहे श्रद्धालु**

**उमाकान्त शर्मा** रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे





**भिंड।।** जिले के मेहगांव क्षेत्र के अंतर्गत दंदरौआ धाम में डॉक्टर हनुमान जी का भव्य स्वरूप देखने को मिला।तथा जिले के धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम समेत अन्य प्राचीन हनुमान मंदिरों पर बुढ़वा मंगल पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इन मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु, रामभक्त हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे है। इस दौरान श्रद्धालु दंदरौआ धाम में डॉक्टर हनुमान के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। यहां प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जगह-जगह पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। बुढ़वा मंगल के शुभ अवसर पर मंदिर समिति की ओर से डॉक्टर हनुमान का वेद मंत्रों के साथ विशेष अभिषेक किया जाएगा। गर्भगृह को फूलों से सजाया जाएगा। इसके अलावा भगवान को 56 भोग लगाए गए। अखंड, रामधनु व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यहां दूर-दूर से लोग पैदल चलकर आ रहे है। वे रामभक्त हनुमान से शारीरिक कष्ट को दूर करने की मन्नत मांगते हैं। यहां हनुमानजी के दर्शन करने से रोग-दोष दूर हो जाते हैं।

बढ़वा मंगल पर डॉक्टर हनुमान जी के दर्शनों के लिए उत्तर प्रदेश के जालौन, इटावा, औरैया, झांसी, कानपुर, राजस्थान के धौलपुर, करौली के अलावा दिल्ली से भी दर्शनार्थी आते है। वहीं भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी और गुना समेत दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। यहां आस पास क्षेत्र के श्रद्धालु, श्री हनुमान जी के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा करके पहुंच रहे है। महिला, बुजुर्ग व बच्चे दंडवत परिक्रमा करके आ रहे है। एक अनुमान के मुताबिक 11 लाख से अधिक श्रद्धालु यहां आकर डॉक्टर हनुमान के दर्शन करेंगे । जिला प्रशासन ने भी भारी भीड़ के आगमन की संभावना को देखते हुए मेले की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरूस्त की गई है। मंदिर परिसर पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।कई श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा करके पहुंच रहे हैं।

**कलेक्टर ने धारा-144 के तहत भारी वाहनों पर लगाई रोक:** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन व्यवस्था को लेकर तैयारियां की गईं। उन्होंने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 14 सितंबर मंगलवार को रात्रि 11.59 बजे तक जिला भिंड अन्तर्गत ग्वालियर, इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दंदरौआ धाम की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी एवं बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही तथा मुख्य मार्ग की सड़क के मध्य से दोनों ओर 50-50 मीटर की सीमा तक अनावश्यक पार्किंग पर रोक लगाई है। कोई भी व्यक्ति जिला भिंड अन्तर्गत ग्वालियर, इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दंदरौआ धाम की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी / बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही करके और न ही प्रमुख मार्गों में भारी / बड़े वाहनों (रेत गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग करके आवागमन को अवरुद्ध करेगा और न ही प्रयास करेगा अथवा प्रेरित करेगा । यह आदेश पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते दिया गया है।

# धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत वृहद जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(विधायक पारस जैन कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए)**



**उज्जैन।** शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जेपी चौरसिया ने जानकारी दी कि मंगलवार को महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत वृहद जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास के सहयोग से किशोरियों का हिमोग्लोबिन परीक्षण, गर्भवती माताओं को परामर्श, बच्चों को कुपोषण, औषधीय पौधों की जानकारी, आयुष के प्रचार हेतु औषधीय पौधों का वितरण, स्वास्थ्य संरक्षण हेतु चार्ट का प्रदर्शन और औषधीय पौधों की वाटिका का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर के विधायक पारस जैन बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। उन्होंने धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां चिकित्सकों की पूरी टीम निरन्तर अच्छा कार्य कर रही है। विधायक श्री जैन ने %आयुष अपनायें और रोग भगायें% को चरितार्थ करने की बात कही। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि के पूजन-अर्चन और वन्दना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

महाविद्यालय के अधीक्षक डॉ.ओपी शर्मा ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण दिया। शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ.वेदप्रकाश व्यास ने %बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण में आयुष की भूमिका% पर व्याख्यान दिया। इस दौरान डॉ.ओपी व्यास, डॉ.नृपेंद्र मिश्रा, डॉ.दिवाकर पटेल, डॉ.दीपक नायक, आशीष शर्मा, डॉ.मुकेश गुप्ता, डॉ.वन्दना सर्राफ, डॉ.निरंजन सर्राफ, डॉ.प्रकाश जोशी, डॉ.संगीता गुप्ता, डॉ.सुनील पाटीदार, श्री अनिल पाण्डेय, डॉ.सतराम कुमावत, डॉ.सुनीता डी राम, डॉ.अनुभा जैन सहित पूरा स्टाफ, कर्मचारी, एमडीबीएएमएस छात्र और आम नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्रा समीक्षा राठौर, गोविन्द मेघवाल द्वारा योग की प्रस्तुति दी गई। साथ ही पोषण वाटिका और रक्ताल्पता की प्रस्तुति वेदान्त अग्रवाल और शुभम त्रिपाठी ने दी।

# सभी कष्टों का निबारण करते है काँक्सी सरकार

**काँक्सी सरकार के दर्शन मात्र से मिलती है न्यायालयीन कार्यों से राहत**

**काँक्सी सरकार के महंत श्री श्री 1008 रामशरण दास जी महाराज ने बुढ़बा मंगल पर की महाआरती**



**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुढ़वा मंगल के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश के भिंड जिले के ऐतहासिक प्राचीन स्थल श्री कांक्सी सरकार मन्दिर पर बुढ़वा मंगल के पर्व पर भव्य विशाल महाआरती का आयोजन किया गया।आयोजन में कोरोना कोविड -19 के सभी नियमो का पालन करते हुए महाआरती कर लड्डू ,फल एबम किसमिस का भोग लगबाया गया।अबकी बार कोरोना महामारी के चलते होने बाले आयोजन को स्थगित करते हुए सिर्फ महाआरती एबम भोग लगाकर की कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।मंदिर के महंत श्री श्री 1008 रामशरण दास जी महाराज ने बताया की कोरोना की महामारी को देखते हुए आज प्रातः 06ः00 बजे श्री कांक्सी सरकार की महाआरती कर बाल भोग प्रसाद वितरण करबाया गया।

**सबके दुःख हरते हैं और झोली भरते हैं श्री कांक्सी सरकारः** जैसा की आप सभी को ज्ञात है कि श्री कांक्सी सरकार मन्दिर जिले का एक ऐसा रमणीक स्थल है जहाँ हर मंगलवार व् शनिवार को हज़ारो की संख्या में भक्तगण मध्यप्रदेश व् उत्तरप्रदेश से श्री कांक्सी सरकार के दर्शन करने के लिए आते हैं।



## आंगनबाड़ी केंद्र पर एनीमिया बीमारी रोकथाम हेतु बैठक

**पुष्पांजली टुडे**

पाली रोहट उपखंड के ग्राम पंचायत भाकरी वाला में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र दित्तीय पर एनीमिया बीमारी रोकथाम के लिए स्थानीय कार्यकर्ता प्रीति गुणपाल ने लाभार्थी महिलाओं के साथ विचार विमर्श किया। स्थानीय कार्यकर्ता प्रीति गुणपाल ने महिलाओ के साथ विचार विमर्श करते हुए बताया कि हमारे शरीर के अंदर लौह तत्व की कमी के कारण एनीमिया रोग होता है जिसके कारण हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है इस बीमारी के रोकथाम हेतु सभी को सजग रहना चाहिए और इस बीमारी के लक्षण व उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी । और अंत में समस्त महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी । बाद में उपस्थित आंगनवाड़ी बच्चों को फल वितरण किए।

# कार्यकर्ता सेवा और समर्पण अभियान के रूप में मनाये पीएम मोदी का जन्मदिन: गुर्जर

**संतोष सिंह भदोरिया**
**पुष्पांजली टुडे**
**9179661562**



गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की कामकाजी बैठक कटारे फार्म हाउस कल्याणपुरा पर आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के वरिष्ठ नेता गब्बर सिंह गुर्जर एवं विशेष अतिथि के रुप में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गुरुदेव नरवरिया मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की बैठक के प्रारंभ में उपस्थित सभी अतिथियों ने पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया । इस अबसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं बैठक की कार्य योजना मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने प्रस्तुत की । एबम पार्टी के आगामी कार्यक्रमो को विस्तार से बताया और कहाँ की सभी कार्यक्रमो में कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़कर भाग लेना है।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता गब्बर सिंह गुर्जर ने कहा की पार्टी द्वारा आगामी 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक अलग-अलग आयामों में जो कार्यक्रम आयोजित होना है वह सभी कार्यक्रम सेवा सप्ताह एवं समर्पण दिवस के रूप में मनाना है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव गरीब किसान मजदूर आदिवासी दलित पिछड़ा बर्ग के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं इन योजनाओं का प्रचार प्रसार हम सबको गांव-गांव घर-घर जाकर करना है एवं प्रधानमंत्री जी का जन्म दिन सेवा सप्ताह के रूप में स्वच्छता अभियान मरीजों को फल वितरण धर्म स्थल पर सुंदरकांड का पाठ एवं अन्य सेवा कार्य आयोजित कर मनाना है गुर्जर ने आगे कहा की हम सबको पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से मनाना है जिससे हम समाज के हर वर्ग तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार पिछड़ा वर्ग 27त्न आरक्षण देखकर एक बड़ा कार्य किया है इसलिए हम सब लोग इस बार उनके जन्मदिन को समाज के हर वर्ग के बीच जाकर मनाएं और उन सभी लोगों को प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दें और उन योजनाओं का लाभ किस प्रकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले यह हम सब कार्यकर्ताओं को पूरी कोशिश करनी होगी बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया एवं अंत में आभार प्रगट वरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे ने किया।

# लहार में रावतपुरा पुलिस के खिलाफ बघेल समाज उमड़ा भारी जन सैलाब

**रावतपुरा थाना प्रभारी समेत तीनो आरक्षकों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग**

**भाजपा सरकार में सामंतवादियों के इशारे पर पुलिस बघेल समाज पर अत्याचार रही है-राजाभैया**

**लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**



भाजपा सरकार में सामंतवादियों के इशारे पर भिंड जिले की पुलिस बघेल समाज पर अत्याचार रही है।यह बात बघेल समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजाभैया पाल ने कही।उन्होंने कहा पीड़ित ज्ञान सिंह बघेल को न्याय नही मिला तो समूचे मध्यप्रदेश में बघेल समाज आंदोलन करेगी।वहीं उन्होंने रावतपुरा थाने के खिलाफ आवाज आवाज उठाने लहार विधायक ड़ॉ गोविन्द सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।इसके साथ ही विधायक ड़ॉ गोविन्द सिंह से मांग की ज्ञान सिंह बघेल को नंगा कर पीटने बाले पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करने के लिये विधानसभा में आवाज उठाये। पाल युवा संग़ठन के सयोंजक गिर्राज पाल ने पहलबान ने कहा पीड़ित रावतपुरा थाना प्रभारी क्रांति राजपूत के कहने पर रावतपुरा थाने में पदस्थ आरक्षक महेद्र प्रजापति,आलोक राठौर,गौरव पालिबाल को चिरावली गाँव भेजा गया।जहां रामजीलाल दुबे एवं उनके लड़को ने पुलिस के साथ मिलकर मारपीट की।जिसके बाद थाना परिसर के अंदर उसकी पत्नी के सामने ज्ञान सिंह बघेल को अर्धनग्न कर करके बुरी तरह पीटा गया।ज्ञान सिंह बघेल की पत्नी रामजानकी बघेल इंसाफ के लिये गिड़गिड़ाती रही लेकिन किसी ने नही सुनी जिससे समूचे बघेल समाज मे रोष ब्याप्त है। जिसको लेकर बघेल समाज के लोगो सामूहिक रूप से महामहीम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम लहार एसडीएम को ज्ञापन सौपा।जिसमे रावतपुरा थाना प्रभारी क्रांति राजपूत समेत तीनो आरक्षक पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गयी है एवं पीड़ित ज्ञान सिंह बघेल को आत्म सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस की मांग की गई है।

## समाजवादी पार्टी में शामिल हुए भीम सेना के औरैया युवा जिलाध्यक्ष मोहिनीश गौतम

**अंकित कुमार**
**पुष्पांजली टुडे**



**औरैया-**शहर के एक गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओकी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव बन्टी यादव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इरशाद खान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान भीम सेना जिलाध्यक्ष मोहिनीश गौतम ने अपने जिलाध्यक्ष पद से स्तीफा देकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इस अवसर पर युवा नेता मोहिनीश गौतम का राष्ट्रीय महासचिव बन्टी यादव एवं पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष इरशाद खान एवं अन्य सपा नेताओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर पार्टी की सदस्यता दिलवाई। साथ ही सभी साथियों ने मोहिनीश गौतम का पार्टी में स्वागत कर ढेरों शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय महासचिव बन्टी यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी धर्मों एवं सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। बिना किसी भेदभाव के सबको समानता का अधिकार देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में मंहगाई ने आमजन मानस में त्राहि त्राहि मची हुई है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, सरसों का तेल आदि के दाम आसमान छू रहे हैं। प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा, व्यापारी, दुकानदार सभी परेशान हैं। आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे और सूबे में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर फिर से अमन चयन का माहौल बनायेंगे।

# 17 सितम्बर को आयोजित होगा वैक्सीनेशन महाअभियान 3.0

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन ने की जनभागीदारी से महाअभियान को सफल बनाने की अपील)**

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर को वैक्सीनेशन महाअभियान 3.0 संचालित किया जायेगा। महाअभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से तथा इंदौर जिले के ऐसे सभी नागरिक जिनको कोविड वैक्सीन का दूसरा डोज लगना ड्यू है, उन्हें प्रेरित करने के लिए मंगलवार को रविन्द्र नाट्य गृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, राजेश सोनकर, मधु वर्मा, गौरव रणदीवे, श्रीमती फोजिया शेख अलीम, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के सदस्य डॉ निशांत खरे, कलेक्टर मनीष सिंह, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल, सहित जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा व्यापारी एसोसिएशन, मंडी एसोसिएशन, इंडस्ट्रि एसोसिएशन आदि के सदस्य, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधिगण, क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्य एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिकजन भी उपस्थित रहे। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर संकल्प लिया कि जिस तरह इंदौर शहर के शत-प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीनेशन का प्रथम डोज लगाया गया है उसी तरह जनसहयोग से जिले के शत प्रतिशत नागरिकों को दूसरा डोज लगवाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

**(कोरोना के विरूद्ध वैक्सीन ही एकमात्र सुरक्षा चक्र है)**

इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह बात पूरा देश जानता है कि इंदौर नागरिक जो तय करते हैं वह अवश्य पूरा करते हैं।





उन्होंने कहा कि आज हमने जो शत-प्रतिशत नागरिकों को दूसरा डोज लगवाने का संकल्प लिया है, उन्हें पूरा भरोसा है कि इंदौर इसमें भी देश में प्रथम आएगा। सांसद श्री लालवानी ने कहा कि मंडी व्यापारी एवं इंडस्ट्री एसोसिएशन के सदस्य यह सुनिश्चित करें कि उनके यहां कार्य कर रहे कर्मचारी अनिवार्य रूप से वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाये। साथ ही सभी जिलेवासी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके यहां कार्य कर रहे ड्राइवर या घरेलू कर्मचारी भी काम पर तभी आएं जब उनको वैक्सीनेशन का दूसरा डोज लग जाये। उन्होंने कहा कि यदि हम सब मिलकर प्रयास करेंगे तो हम अपना लक्ष्य जरूर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन है और इसीलिए हमें शत-प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना जरूरी है तभी हम कोरोना से सुरक्षा चक्र प्राप्त कर सकेंगे। विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि सभी के सहयोग से जिस तरह हमने वैक्सीन के प्रथम डोज में शहर के शत-प्रतिशत नागरिकों का वैक्सीनेशन कराया है। उसी तरह हमे अपनी पूरी तीव्रता के साथ लोगों को दूसरा डोज लगवाने के लिये प्रेरित करना है। कोरोना वायरस से लोगों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर यह वैक्सीनेशन महा अभियान चलाया जाएगा जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने कहा कि इंदौर शहर शत-प्रतिशत नागरिकों को कोविड-19 वैक्सीन का प्रथम डोज लगाकर मिलियन प्लस शहरों की श्रेणी में देश में प्रथम आया था। इससे इंदौर को देशभर में एक अलग ही प्रतिष्ठा मिली जिसने यह सिद्ध किया कि इंदौर की जनता ना केवल स्वच्छता बल्कि कोविड वैक्सीनेशन के संबंध में भी जागरूक है। उन्होंने कहा कि इसी जन जागरूकता का माहौल बनाए रखते हुए अब हमें शेष रह गए नागरिकों को कोविड-19 वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगवाना है। इसके लिए आप सभी की जन सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इंडस्ट्री एसोसिएशन, सिक्योरिटी गार्ड, ऑटो यूनियन, कामकाजी महिला एसोसिएशन तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधिगणों से अनुरोध किया कि वे अपना यहां कार्य कर रहे कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को कोविड वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने के लिए प्रेरित करें। पूर्व की तरह लोगों को बाध्य भी करें कि बिना कोविड वैक्सीन के दूसरे डोज के प्रमाण पत्र के बिना काम पर ना आया जाये।

## वन-टू-वन

### गांव बन्नूर डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने राष्ट्रीय योग साधक स्वर्ण पदक वितेजा श्रीहरी अयंगार का किया बहुमान



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मैसूरु.** अग्रहार में हिमालय योग फ़ाउंडेशन की ओर से 25 से 30 वर्ष आयु वर्ग के अंतर राष्ट्रीय योग साधक स्वर्ण पदक विजेता श्रीहरि अयंगर का सम्मान किया गया द्य नेपाल में अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था द्य योग साधको व प्रशिक्षको ने अपने विचार व्यक्त किये द्य योग साधक की आर्थिक सहायता करने पर समाजसेवी बनूरु महेन्द्र सिंह राजपुरोहित की वक्ताओ ने सराहना करते हुए आभार जताया द्य इस दौरान विश्व बसवा मंदिर आश्रम के सोमशेखर स्वामी,रघुराम पाजपेयी,पृथ्वी सिंह चांदावत,हिमालय फाउंडेशन के अध्यक्ष एन.अनंत,संचालक प्रकाश,विक्रम अयंगर,अजय शास्त्री,गोपाल,शिव प्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे द्य

### गौ रक्षा संगठन प्रमुख ने तस्करों के चंगुल से मुक्त करवाई सैकड़ों गाय



**लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

लहार अनुभाग के ग्राम बरहेट में 3 दिन से अज्ञात असामाजिक तत्व संभावित तस्कर श्मशान गृह में 100 गायों को बंधक बनाए हुए थे।गांव के निवासी गौरक्षा संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजबलसिंह ने गौ रक्षा संगठन प्रमुख संतोष चौहान को सूचना दी संतोष चौहान तत्काल मौके पर पहुंचे।संतोष चौहान को देखकर बंधक बनाए हुए अज्ञात असामाजिक तत्व भाग गए गायों को बंधन मुक्त कराने का प्रयास संतोष चौहान एवं ग्राम के निवासी राजबल राजावत जी द्वारा किया गया जो सफल रहा और लगभग 100 गायों की तस्करी होने से बच गई यहां बता दें कि गौ रक्षा संगठन प्रमुख संतोष चौहान द्वारा पिछले कई वर्षों से गौ रक्षा के हित में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है बीमार बेसहारा गायों का इलाज से लेकर तस्करों के चंगुल से गायों को छुड़ाने के लिए संतोष चौहान हर समय तैयार रहते हैं।पूर्व में भी कई तस्करों के कंटेनर पकड़बायजा चुके हैं गायक गायों को मुक्त कराने के प्रयास में रामू त्यागी राम राजा शर्मा का भी सराहनीय सहयोग रहा।

### कनिष्ट तकनीकी सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली। मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत कनिष्ट तकनीकी सहायको ने प्रदेश कमेटी के आहवान पर ब्लॉक स्तर पर रानी पंचायत समिति सभागार में



मंगलवार को विकास अधिकारी आवडदान चारण के मार्फत माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपनी मांगों के सम्बंध में ज्ञापन सौपा।जिसमें मुख्यत माँग वेतन वर्धी ओर नियमित करने को लेकर है तथा पिछले समझोतो पर आदेश निकालने हेतु आहवान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमसिंह जाखोरा, चम्पालाल मीणा,मोहित त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# अविनाश नोहरलाल भगत ने पास की सीए की परिक्षा

**पंवार समाज, रिश्तेदारों व परिचितों का बधाई देने के लिए लगा तांता**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** इच्छा शक्ति प्रबल हो और परिश्रम कड़ा हो तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है, यह कथन हैं हाल ही में सीए की परिक्षा उत्तीर्ण करने वाले एक नौजवान के। बालाघाट जिले की लांजी तहसील के छोटे से गांव केरेगांव में जन्मे अविनाश पिता मोहनलाल भगत ने चार्टेड एकाउंटेंट की परिक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार,रिस्तेदार और पंवार समाज का नाम रोशन किया है। अविनाश के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक रहे हैं। अविनाश ने यह उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने परिवार रिस्तेदार और पंवार समाज को गौरवान्वित किया, बल्कि अपने गांव केरेगांव, तहसील लांजी समेत पूरे बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है। अविनाश का मानना है कि हौंसले बुलंद हों तो कामयाबी जरूर मिलेगी।

**बड़े भाई तथा परिवार का मार्गदर्शन और मेरी मेहनत रंग लाई - अविनाश भगत**

सेवानिवृत्त शिक्षक नोहरलाल के तीन बेटे जिनमें बड़ा बेटा प्रकाश भगत इंजीनियर की पढ़ाई की है, तो दुसरा बेटा विकाश भगत व



छोटा बेटा अविनाश भगत ने सीए बनने का रास्ता चुना। ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल बालाघाट से 12 वीं पास करने के बाद अविनाश ने नागपुर से तैयारी कर परीक्षा दी और दूसरे अवसर में परीक्षा पास कर ली। अविनाश ने चर्चा में बताया कि परिवार के अलावा उनके बड़े भाई विकास भगत ने मार्गदर्शन देते हुए तैयारियां कराई । लगन से प्रतिदिन 12 घंटे पढ़ाई करने का परिणाम मिला कि उन्हें मंजिला तक सफलता मिल गई।बड़े भाई का मार्गदर्शन और मेरी मेहनत रंग लाई ।

**आइए जानते हैं कि क्या है सीए ?**

सीए का फुल फॉर्म चार्टर्ड अकाउंटेंट होता है, जिसे हिंदी में अधिकार पत्र प्राप्त लेखाकार कहते है। जो कि एक प्रोफेशनल कोर्स होता है। घ्र भारत में बेहतरीन करियर विकल्पों में से एक है, हालाँकि इस पेशे में प्रवेश पाना इतना आसान नहीं है। एक चार्टेड अकाउंटेंट का काम वित्त का प्रबंधन, जिसमें बैंक अकाउंट को मैनेज करना, बजट, ऑडिटिंग, बिज़नेस स्ट्रैटेजी, और टैक्सेशन आदि काम शामिल है।

**सीए कारपोरेट जगत की रीढ़ है - भुपेश कटरे अध्यक्ष युवा पवार संगठन**

चार्टेड एकाउंटेंट की परिक्षा उत्तीर्ण कर समाज का नाम रोशन करने वाले युवक अविनाश मोहनलाल भगत को युवा पवार संगठन के अध्यक्ष श्री भुपेश कटरे ने बधाई देते हुए कहा सीएस कॉरपोरेट जगत की रीढ है, बिना इसके किसी कंपनी की तरक्की संभव नहीं है। इस कॅरियर में चुनौतियां तो बहुत हैं लेकिन आगे बढने के रास्ते भी कई हैं। यह भविष्य का कॅरियर है, जिसे हमारे समाज के लड़के ने हासिल किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। आज अविनाश जी की यह उपलब्धि हमारे नौनिहालों के लिए एक संदेश है।

# मिशन शक्ति के तहत ऽपोषण पंचायत कार्यक्रमऽ 15 सितम्बर को

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में माह सितम्बर के तृतीय बुधवार 15 सितम्बर को चयनित जनपद में ग्रामीण क्षेत्र के ब्लाक, तहसील स्तर पर ÷मिशन शक्ति÷ के अन्तर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पोषण पंचायत कार्यक्रम में कुपोषित महिलाओं, बच्चों के लिए पुष्टाहार विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना एवं पोषण अभियान के अन्तर्गत चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं लाभ दिलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सैम, मैम श्रेणी में रह चुके बच्चों के अभिभावकों को कार्यक्रम में उपस्थित कराया जाएगा। पोषण वाटिका, पौधारोपण एवं सुपोषण के लिए योग एवं आयुष के महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं पौष्टिक भोजन की जनजागरूकता तथा आवश्यकतानुसार अनुपूरक पुष्टाहार आदि का वितरण किया जाएगा। उपस्थित समुदाय में पोषण अभियान से संबंधित जागरूकता सामग्री, साहित्य का वितरण एवं कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शन किया जाएगा। पोषण अभियान को सशक्त करने हेतु अन्य प्रभावी उपाय के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्थानीय स्तर पर पोषण संबंधी समस्याओं का चिन्हींकरण, प्रबंधन एवं निराकरण भी किया जाएगा। आईसीडीएस विभाग द्वारा पोषण पंचायत कार्यक्रम हेतु चयनित तहसील, ब्लाक स्थल पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी। श्रीमती रामसखी कठेरिया सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा उक्त पोषण पंचायत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा।

### प्रशासन द्वारा 25 तक समस्याओं के समाधान के लिखित आस्वासन के बाद भी समाधान न होने तक एटा धरना स्थल पर डटे रहेंगे किसान

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर पांचवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा उक्त धरने के बाद शाशन प्रशासन झुका जिलाधिकारी एटा के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर एटा एवं सी0 ओ0 सदर देर रात धरना स्थल पर पहुंचे और लिखित पत्र सोंपकर आंदोलनरत किसानों को अवगत कराया कि 25 सितंबर 2021 तक समस्याओं का समाधान कर किसान एवं संबंधित अधिकारियों की जिलाधिकारी सभागार में बैठक होगी उक्त पत्र के पश्चात आंदोलनरत किसानों ने निर्णय लिया कि जबतक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा एवं उपस्थित किसानों ने आज निर्णय लिया कि 25 तक का समय प्रशासन के पास है उसके बाद 27 को प्रस्तावित बंद को सफल बनाया जाएगा तथा किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिदिन पांच गांव के किसानों से जनसंपर्क कर आंदोलन को सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा जाएगा।

# आवाम को दिशा और बच्चो की उम्मीद को अमन से मार्ग दर्शन पथ पर चलाने के लिए किया गया अमन फाउंडेशन का शुभारम्भ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)।** शहर के मुस्लिम समाज के युबाओ को एक जुट ओर यूथ की ताकत से समाज को नई दिशा दिखाने की राह के लिए किया गया अमन फाउंडेशन संस्था का गठन ,इस संस्था के गठन के लिए मुख्य श्रोत ओर पहली कड़ी बने है।मध्यप्रदेश काँग्रेस पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार खिजर मोहम्मद कुरैशी ,जिन्होंने भटकते हुए युबाओ को रास्ता दिखाया और समाज को फिर एक उम्मीद दिखाई है ,कार्यक्रम में मंच से प्रथम बकता प्रो इकबाल अली रहे अध्यता हमीद खान ने की बहादुर खलीफा को बृद्धजनो की तरफ से सम्मान किया गया ,अमन फाउंडेशन के द्वारा प्रथम कार्यक्रम होनहार छात्र छात्रा का सम्मान कर शुरुआत की गई ,प्रथम सम्मान ,अनिकेत चौहान का किया गया जिन्होंने भिण्ड जिले को विदेश तक मे पहचान



दिलाई ,अनिकेत चौहान भईया चौहान के पुत्र है जिनका सिलैक्शन हंगरी डीब्रिसेंन यूनिवर्सिटी में चयन हुआ दूसरा सम्मान हमेशा अपने अंक 95,पर्सेंट 98 पर्सेंट लाने बाली बेटी कुमारी अलीशा निशार बेग मधु की पुत्री का किया गया प्रदेश में शिक्षा में अपनी अनूठी पहचान बनाने बाले शिक्षक मो शकील खान का सम्मान किया गया ,कवि राइन अजनवी ,असफाक भारती का सम्मान किया गया ,पत्रकारिता में अपनी पहचान बनाये हुए युबा अब्दुल शरीफ ,इमरान अली खान ,अब्बास अहमद ,हसरत अली का मंच से सम्मान किया गया ,रक्त समूह सदस्य गिरीश भाई का सम्मान कर इंसानियत की मिशाल पेश की गई ।कार्यक्रम को तेज बारिश में ही छोटी मस्जिद के सामने सम्पन्न किया गया और देर रात कार्यक्रम चलता रहा ,मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद खिजर मोहम्मद कुरैशी ने मंच से मुस्लिम युबाओ को बताया की हमारे पूर्वज भी शिक्षा अध्धयन करने के लिए बोल कर गए है और उसका जिक्र कुरआन शरीफ में भी पहली आयत इक्रा में लिखा है।

माँ बाप की इज्जत करो बुराई गीबत चोरी लड़ाई झगड़े गंदी गंदी गाली से बचो ओर अपनी कॉम के बच्चो का एहतराम करो भटके हुए लोगो को सही रास्ते पर लाओ तब कही जाकर हम अपनी कोम को बुलंदी पर देख सकते है ,अमन फाउंडेशन का गठन इस लिए किया गया है ,समाज मे कोई भी बच्चा भुखमरी की मौत न मरे शिक्षा से विहीन न रहे गलत रास्ते पर न चले ,अब हमें कदम से कदम मिला कर चलना होगा और हमे अपनी युबाओ की ताकत को समझना होगा युबा अमन फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक कार्य मे रुचि लेंगे और समाज मे हो रही कमियों को पूरी करेंगे इसके लिए जितना भी खर्चा करना पड़े बह सब हम मिलकर बहन करेंगे ,मंच से काफी समाज को सुधारने के लिए धर्म की बात चीत की गई।

# गोहद बिद्धुत दर वृद्धि के खिलाफ अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने कार्यपालन यंत्री के नाम जेई को दिया ज्ञापन

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** गुड्डी बाई माहौर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घरेलू विद्युत दरों में की गई मूल्य वृद्धि के विरोध स्वरूप अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गोहद ने अपने बैनर तले विद्युत वितरण कंपनी गोहद कार्यालय पहुंच कर कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनी के नाम गोहद जेइ गौरव शाक्य को ज्ञापन भेंट किया ज्ञापन देते समय अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं कंपनी कार्यालय में उपस्थित रहीं ! पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं दोपहर 2ः00



बजे गोहद विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के पास एकत्रित हुई और झंडे बैनर लेकर मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गोहद विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पहुंच गई और कार्यालय में मौजूद कार्यपालन यंत्री की अनुपस्थिति में गोहद जेइ गौरव शाक्य को ज्ञापन भेंट किया ज्ञापन में जनवादी महिला समिति ने उल्लेख किया है की उपभोक्ताओं के पास अनाप-शनाप विद्युत बिल जारी किए जा रहे हैं जिन्हें भर पाना उपभोक्ताओं के लिए मुश्किल काम है बिजली की जो वर्तमान दरें लागू की जा रही हैं उनमें भारी मूल्य वृद्धि की गई है इस कारण उपभोक्ताओं में मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है इसी कड़ी में जनवादी महिला समिति ने आज मंगलवार को दोपहर 3ः00 बजे कार्यपालन यंत्री के नाम



विद्युत दर मूल्य वृद्धि वापस लिए जाने कि 1 सूत्री मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा जिसमें महिला समिति ने चेतावनी दी है की अगर सात दिवस में विद्युत दर मूल्यवृद्धि को वापस नहीं लिया गया तो जनवादी महिला समिति द्वारा विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी ज्ञापन देते समय जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष एवं महिला समिति नेता गुड्डी बाई माहौर के अलावा कैलाशी बाई माझी रम का कुशवाह वैजयंती बाई पार्वती बाई सरोज श्रीवास नीरज देवी गुर्जर लक्ष्मी प्रजापति त्रिवेणी प्रजापति गंगा देवी सुनीता कुशवाहा राम श्री बाई देबी जाटव राजो प्रजापति सहित दो दर्जन महिलाएं इस दौरान उपस्थित रहीं।

# ग्वालियर में महिला के साथ क्रूरता: रुपए के विवाद में बदमाशों ने पेड़ से बांधकर पीटा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के डबरा में कुछ लोगों ने महिला की पेड़ से बांधकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने खुद को मंत्री का आदमी बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। दूसरे दिन महिला ने एसपी ऑफिस में शिकायत भी दर्ज कराई।

मामला डबरा थाना क्षेत्र के चेतूपाड़ा गांव का है। वीडियो 7 सितंबर का है। पुलिस मामले का पता लगा रही थी कि मंगलवार को महिला खुद एसपी ऑफिस पहुंची। उसने अपने साथ हुए सलूक की शिकायत की है। स्क्र ग्वालियर अमित सांघी ने मामले में ASP देहात जयराज कुबेर को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ममता आदिवासी ने बताया कि वह गांव के ही मुरारी प्रजापति के ईंट भट्टे पर मजदूरी करती है। उसने कुछ दिन पहले पहचान वाले हरिपुर के रहने वाले हरिकिशन बाथम को ईंट भट्टे के मालिक मुरारी से मिलवाया था। हरिकिशन ने खुद को लेबर कॉन्ट्रैक्टर बताते हुए मजदूर लाने का ठेका मुरारी से ले लिया। बदले में जुलाई में 4.5 लाख रुपए एडवांस भी ले लिए। पैसे लेने के बावजूद हरिकिशन ने लेबर नहीं भेजी। अब मुरारी रुपए वापस दिलाने के लिए ममता पर दबाव बनाने लगा। ममता ने हरिकिशन से रुपए वापस करने को कहा, तो उसने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



**पेड़ से बांधकर पीटा, कपड़े भी फाड़े:** ममता ने पुलिस को बताया कि 7 सितंबर को वह मुरारी के कहने पर रात में हरिकिशन से रुपए मांगने जा रही थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया। सभी ने बंदूक की दम पर उसे जंगल में पेड़ से बांध दिया। मारपीट करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए। आरोपी बार-बार मुरारी के बारे में पूछते रहे। हालांकि, महिला ने भी आरोपियों का डटकर मुकाबला किया। वह भी कहती रही गोली मार दो, फांसी पर लटका दो। पैसे तो वह निकालकर रहेगी।

**मंत्री और पहुंच की देते रहे धमकी:** वीडियो में दो बदमाश बंदूक तानकर महिला को धमकाते नजर आ रहे हैं। आरोपी खुद को मंत्री का आदमी बता रहे हैं। कह रहे हैं पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी, वो हमारी जेब में है। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। देहात एएसपी जयराज कुबेर का कहना है कि मामले की जांच और तत्काल कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं।

## दूसरी पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**ग्वालियर।** बेटे के साथ मिलकर पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के एक मामले में पुलिस ने हत्यारे पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना 2014 की है। शासकीय अधिवक्ता परमाल सिंह बघेल ने बताया कि ग्राम खिरिया उनाव में रहने वाले रामकुमार पटवा ने पूनम पटवा से दूसरी शादी की थी। इस शादी के चलते परिवार में विवाद हो रहा था, साथ ही उनकी लड़की का रिश्ता भी नहीं हो रहा था। जिसके चलते उन्होंने अपने बेटे भगवान सिंह के साथ मिलकर पूनम की हत्या की योजना बनाई और 27 अप्रैल 2014 को ग्राम खड़बई में किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में जाते समय नहर के पास दोनों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। जांच के बाद दोनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। यह मामला न्यायालय में चल रहा था। सोमवार को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार ने इस मामले में तथ्यों और सबूतों के आधार पर दोनों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 3-3 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## नैनो न्यूज

### सीआरपीएफ के ग्रुप केन्द्र ग्वालियर के बैंड ने झाँसी दुर्ग पर छेड़े आजादी के तराने



**ग्वालियर।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्वालियर स्थित ग्रुप केन्द्र द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक प्रकाशचंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में बीते रोज ऐतिहासिक झाँसी दुर्ग पर ग्रुप केन्द्र के बैंड द्वारा मनोहारी प्रदर्शन किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इस बैंड ने आजादी के तरानों की मधुर धुनें निकालकर सभी को रोमांचित कर दिया। झाँसी दुर्ग पर हुए ग्रुप केन्द्र के बैंड प्रदर्शन के दौरान उप कमाण्डर जोसेफ अडानी व महेन्द्र सिंह सहित सीआरपीएफ के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का आयोजन युवा पीढ़ी में देशभक्ति का जज्बा जगाने और उन्हें आजादी का महत्व समझाने के उद्देश्य से किया गया।



### पारूल गोयल सीए फायनल में उत्तीर्ण

**ग्वालियर।** ग्वालियर की पारूल गोयल ने भी सीए फायनल के प्रथम ग्रुप में उत्तीर्ण हुई है। पारुल गोयल पिता श्रीराम गोयल व माता श्रीमती माया गोयल की बेटी है। वह विनय नगर सेक्टर 4 स्टोर एरिया में रहती है। उन्होने सीए फायनल प्रथम ग्रुप में 226 अंक 400 में से प्राप्त किये हैं।

### पुलिस ने दबोचा चोर ,2 साथी भागे

**ग्वालियर।** शहर की बहोड़ापुर थाना पुलिस के गश्ती दल ने बीती रात चोरी की नियत से निकले तीन युवकों का पीछा किया तो दो युवक भाग निकले लेकिन पुलिस ने एक युवक को दबोच लिया ।पता चला कि वह चोरी करने के लिए निकले थे। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना पुलिस का गश्ती दल जब आनंदनगर पर था तभी पुलिस को तीन युवक संदिग्ध हालत में आते दिखे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो वह भाग निकले ।आधे घंटे की मशक्कत पुलिस ने एक युवक को दबोच लिया। जबकि उसके साथी भाग निकले पूछताछ पर पता चला कि पकड़ा गया युवक ऑटो चलाता है और दिन में रैकी कर रात को चोरी करते हैं।

### सिर में गोली लगने से हुई थी युवक की मौत हत्या का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** देहात के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के जखरा के पास पिछले दिनों मिली कि एक युवक के शव का पोस्टमार्टम के बाद पता चला कि उसके सिर में गोली लगी थी ।जिससे उसकी मौत हुई थी ।पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के जखरा के पास पिछले दिनों एक युवक का शव मिला था ।उसके सिर से खून बह रहा था। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी ।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर मर कायम कर लिया था ।पीएम रिपोर्ट में पता चला कि युवक के सिर में गोली लगी थी ।वहीं मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

### पति ने पत्नी के दांत तोड़े

**ग्वालियर।** शराब पीकर घर आए पति को जब पत्नी ने टोका तो पति ने शराब के नशे में आकर पत्नी की मारपीट कर दी और

# बीएसएफ अकादमी में हिन्दी दिवस का आयोजित

**टेकनपुर।** बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में एक सितंबर से 15 सितंबर तक हिन्दी पखवाडा मनाया जा रहा है। आज 14 सितंबर को हिन्दी दिवस पर अकादमी निदेशक एल मोहंती की अध्यक्षता में हिन्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के आईजी जेएस ओबराय ने कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभिन्न वक्ताओं द्वारा राजभाषा के संबंध में रोचक जानकारियां दी। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे निदेशक मोहंती ने





हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हिन्दी एक सरल, सुबोध और स्वच्छ भाषा है। जो हमारे देश के लगभग हर प्रांत में बोली और समझी जाती है। यह देश की एकता , अखंडता और प्रभुसत्ता को एक रूप में



जोडने का उत्तर दायित्व भी निभाती है। हमारा लक्ष्य और प्रयास राजभाषा हिन्दी में सरकारी कामकाज को बढावा देना है। इसके प्रगति के लिये सभी का सहयोग और प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी यह संकल्प लें कि अपने कार्यालयों तथा शाखाओं में हर संभव कार्य मूल रूप से राजभाषा ोिन्दी में ही करेंगे। अकादमी के अधीनस्थ यूनिटों में सेनवेस्टो एवं विंगों में अश्वारोहण विद्यालय को मुख्यालय की आर से राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। हिन्दी पखवाडे के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने की योजना के तहत विजेताओं एवं राजभाषा शील्ड प्राप्त करने वाले कार्यालयों के प्रमुखों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी आगे इसी तरह हिन्दी में कार्य करते रहेंगे।

# मिर्ची बाबा ने पैदल रैली निकालकर दिया धरना, खून से लिखा पत्र

**ग्वालियर।** ग्वालियर में गायों को लेकर मिर्ची बाबा ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया है। उन्होंने गोला का मंदिर से फूलबाग तक पैदल रैली निकालकर सरकार को जगाने का प्रयास किया। फूलबाग पर धरना प्रदर्शन करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री को खून से चेतावनी भरा पत्र भी लिखा है। पत्र में लिखा है कि गाय को राष्ट्रीय गौमाता घोषित किया जाए। साथ ही नारेबारी भी की। इतना ही नहीं मिर्ची बाबा ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों पर जल्द सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया तो वह पैदल भोपाल और दिल्ली तक जाएंगे और गौमाता को उनका अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।

ग्वालियर में मंगलवार को स्वामी वैराग्यानंद उर्फ मिर्ची बाबा ने गोला का मंदिर स्थित गौशाला से तमाम गाय भक्तों के साथ पदयात्रा शुरू की। पदयात्रा में गौभक्त हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। इन तख्तियां पर लिखा था की भूखी गाय करे पुकार मेरे



भरण पोषण के लिए 50 रुपए रोज दे शिवराज सरकार। गौमाता को राष्ट्रीय गौमाता घोषित करें। ( केंद्र सरकार ) इस दौरान गौभक्त गाय की दुर्दशा को सुधारने के लिए जोरदार नारेबाज़ी कर रहे थे। शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई यह पदयात्रा फूलबाग चौराहे पर पहुंची, जहां मिर्ची बाबा और अन्य गौभक्तों ने पहले अपना खून निकलवाया और उसके बाद खून से प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए पत्र लिखा। इसके बाद खून से लिखा गया पत्र प्रधानमंत्री के नाम दो सूत्रीय मांग पत्र मिर्ची बाबा ने तहसीलदार को सौंपा। पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि गाय को राष्ट्रीय गौमाता घोषित



किया जाए और हर रोज गाय को भरण पोषण के लिए 50 रुपए दिए जाएं।

**मिर्ची बाबा ने प्रदेश और केन्द्र सरकार को दी चेतावनी:** स्वामी वैराग्यानंद उर्फ मिर्ची बाबा ने आंदोलन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो प्रदेश की राजधानी भोपाल और देश की राजधानी दिल्ली तक गौभक्त पदयात्रा करेंगे। वहीं मिर्ची बाबा की पदयात्रा को लेकर बड़ी संख्या में जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मय बल के साथ मौजूद थे। बाबा ने यह भी कहा कि उनको कई संतों का समर्थन हैं। उन पर लगातार हमले हो रहे हैं, लेकिन वह डरने वाले नहीं हैं।

### डेंगू के संग जंग - जनता के संग अभियान आज जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखायेंगे सांसद श्री शेजवलकर

**ग्वालियर।** डेंगू के संग जंग - जनता के संग अभियान के तहत 15 सितम्बर को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत प्रातः 10 बजे से 10.30 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लार्वा नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही घरों में कूलर, वाटर टैंक और आस-पास गड्डों में जमा पानी को हटाकर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोतीमहल से डेंगू से बचने के लिए तैयार किए गए जन जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाई जाएगी। क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रथ रवाना होगा।

# कैट प्रत्येक बाजार में लगायेगा नि:शुल्क उधम आधार शिविर



### लोहिया बाजार में 35 व्यवसाईयों ने बनवाये उद्यम आधार

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा कि ग्वालियर के प्रत्येक बाजार में कैट निःशुल्क उद्यम आधार शिविर आयोजित करेगा जिसके माध्यम से अधिक से अधिक व्यवसाईयों का एमएसएमई में पंजीयन कराना हमारा उद्धेश्य है। कैट ने ग्वालियर लोहा व्यवसाई एवं गहना ज्वेलर्स सराफा बाजार के सहयोग से आज लोहिया बाजार में निःशुल्क उद्यम आधार शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर लोहा व्यवसाई संघ के अध्यक्ष संजय कटठल, सचिव निर्मल जैन, कैट जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, गहना ज्वेलर्स सराफा बाजार के संचालक अजय मंगल, दाल बाजार व्यापारिक समिति अध्यक्ष गोकुल बंसल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करते हुये प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा कि आज ग्वालियर लोहा व्यवसाई संघ ने जो पहल की है वह सराहनीय है। प्रत्येक बाजार की एसोसियेशनों एवं व्यापारिक संगठनों को आगे आकर अपने अपने बाजार के व्यवसाईयों का उधम आधार पंजीयन कराना चाहिये। इस अवसर पर चंदन अग्रवाल, वीरू गैडा, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक जैन, लोहिया बाजार के पूर्व अध्यक्ष राकेश लहारिया सहित अनेक व्यवसाई उपस्थित थे। सीएससी होल्डर प्रियादास ने आज लोहिया बाजार के 35 व्यवसाईयों के निःशुल्क उद्यम आधार बनाये गये जिसके माध्यम से एमएसएमई में व्यापारियों को शामिल होने के जो लाभ है वह व्यवसाईयों को प्राप्त हो सकेंगे तथा प्रायर्टी सेक्टर में लेण्डिंग का लाभ भी लोहिया बाजार के व्यवसाई उठा सकेंगे। इस अवसर पर गहना ज्वेलर्स सराफा बाजार के संचालक अजय मंगल ने कहा कि व्यवसाईयों के लिए होने वाली व्यवसायिक गतिविधियां जिससे इस में लाभ होगा और हमें कैट के साथ मिलकर यह लाभ प्राप्त करना है।

# दिव्यांग पेंशन का प्रमाण-पत्र पाकर खुशी-खुशी घर लौटा इरफान 'खुशियों की दास्तां



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश सरकार का उद्धेश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न हो। इसी उद्देश्य के साथ ग्वालियर जिले में प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गरीब, असहाय व जरूरतमंद नागरिकों की सेवा कर रहे हैं। श्री तोमर ने पिछले कई दिनों से परेशान 14 वर्षीय दिव्यांग बालक इरफान को एक ही दिन में पेंशन मंजूर करा दी। इरफान को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जब पेंशन स्वीकृति का प्रमाण-पत्र सौंपा तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्वालियर शहर के घोसीपुरा स्टेशन, चांद मस्जिद के पास निवासरत इरफान पुत्र श्री रहीस एक पैर से दिव्यांग है। चलने फिरने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। उनके पिता की भी आर्थिक स्थिति ठीक नही हैं वह बेलदारी का कार्य करते हैं और माता जी सुन एवं बोल नहीं पाती हैं। क्षेत्रीय निवासियों के जरिए जब ऊर्जा मंत्री को पता चला कि अल्पसंख्यक वर्ग के एक दिव्यांग बच्चे को मदद की जरूरत है, तब उन्होंने स्वयं पहल कर उसका आवेदन भरवाया और उसी दिन इरफान को पेंशन स्वीकृति पत्र भी दिलवा दिया।

## मंदिर में चोरी करने वाले पकड़े: हवालात में चोर बोले- नशे के लिए रुपए चाहिए थे, सोचा भगवान से ही ले लेते हैं, पकड़े गए बदमाशों से चोरी का माल बरामद



**ग्वालियर।** डबरा के हनुमान मंदिर में ताले चटकाकर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरियां करते हैं। पकड़े जाने के बाद हवालात में बोले-नशे के लिए रुपए चाहिए थे, सोचा भगवान से ही ले लेते हैं। पुलिस ने उनके पास से चोरी गया माल बरामद कर लिया है। पुलिस क्षेत्र की अन्य चोरियों के बारे में पता कर रही है। एएसपी देहात जयराज कुबेर ने बताया कि एक दिन रोज डबरा देहात थाना क्षेत्र स्थित संकट मोचन मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के ताले तोड़कर चोर हनुमान जी के पैरों में पहने चांदी के कड़े तथा चढ़ोतरी के कुछ रुपए चोरी कर ले गए थे। मामले का पता तब चला जब अगले दिन सुबह पुजारी श्याम बाबू शर्मा मंदिर में पूजा अर्चना करने आए। ताले टूटे हुए थे और चांदी के कड़े गायब दिखे तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। मंदिर में चोरी को पुलिस ने गंभीरता से लिया, साथ ही लोगों को विश्वास दिलाया कि जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे। जांच की तो पता चला कि दो युवक रवि और दिनेश पिछले दो दिन से मंदिर के आस-पास चक्कर काट रहे थे। मामले का पता चलते ही संदेहियों की तलाश की और दोनों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो वह चोरी से इनकार करते रहे, तब पुलिस टीम उनको लेकर उनके घर पहुंची और तलाशी ली तो हनुमान जी के कड़े बरामद हो गए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478